दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित श्रीक्रष्ण के भव्य मंदिर ....



जब पहली बार करें हवाई यात्रा ....

वर्ष : 09 | अंक : 271 | लखनऊ, 04 सितम्बर, सोमवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

19,310.15

# पीएम मोदी का संयुक्त राष्ट्र में सुधार का आह्वान

## 21वीं शताब्दी में नहीं चल सकता मध्य 20वीं सदी का रवैया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** विश्व की बदलती सच्चाइयों के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जोरदार वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी में 20वीं शताब्दी के मध्य का रवैया नहीं चल सकता तथा संरा में इस प्रकार सुधार होने चाहिए ताकि सभी पक्षों का संरा में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। पिछले सप्ताह पीटीआई -भाषा को दिये विशेष साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि जी-20 ऐसी संस्था है जिसे परिणामों और कार्रवाई की उम्मीद में बैठे कई देशों द्वाराउम्मीद के तौर पर देखा जा रहा है, भले ही वे कहीं से भी प्राप्त हों।जी-20 का वर्तमान अध्यक्ष होने के नाते भारत, नयी दिल्ली में 9-10 सितंबर को इस प्रभावशाली समूह की प्रमुख वार्षिक बैठक की मेजबानी करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा,विश्व आज बहुध्रुवीय है जहां नियमों पर आधारित ऐसी व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण है जो सभी सरोकारों के लिए जायज और संवेदनशील हो। बहरहाल, संस्थाएं तभी प्रासंगिक रह सकती हैं जब वह बदलते समय के अनुरूप परिवर्तित हों।उन्होंने कहा, 21वीं सदी में 20वीं शताब्दी के मध्य का दृष्टिकोण काम नहीं कर सकता। लिहाजा हमारे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को बदलती हुई सच्चाइयों की वास्तविकता को समझने, निर्णय लेने वाले मंचों का विस्तार करने, उनकी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करने और सभी पक्षों की आवाजों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

मोदी ने करीब 80 मिनट तक चले साक्षात्कार में कहा, यदि समय रहते इस दिशा में कार्रवाई नहीं की जाती है तो छोटे या क्षेत्रीय मंच अधिक महत्वपूर्ण आकार लेने लगते हैं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से जी-20 उन संस्थाओं में से एक है जिसकी ओर बहुत से देश उम्मीद के साथ देख रहे हैं क्योंकि विश्व परिणाम और कार्रवाई चाहता है, भले ही यह कहीं से भी आयें।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास जी-20 की अध्यक्षता ऐसे ही महत्वपूर्ण मोड़ पर आयी है। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में वैश्विक रूपरेखा के भीतर, भारत की स्थिति विशेष तौर पर प्रासंगिक हो गयी है।विभिन्नता वाले एक देश, लोकतंत्र की जननी, युवाओं की सबसे बड़ी आबादी के घर और विश्व का विकास इंजन होने के कारण भारत को संसार के भविष्य को गढ़ने के लिए बहुत कुछ योगदान देना है।

उन्होंने कहा, जी-20 ने भारत को एक ऐसा मंच प्रदान किया है जिससे मानव केंद्रित उसके दृष्टिकोण तथा समूची मानवता के समक्ष उपस्थित चुनौतियों के अभिनव समाधान के लिए किए जाने वाले सहयोगात्मक कार्य को आगे बढ़ाने का मौका मिला है। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र, विशेषकर संरा सुरक्षा परिषद में सुधार पर बल देता आ रहा है।नयी दिल्ली, सुरक्षा परिषद सुधार को लेकर अंतर सरकारी बातचीत में सार्थक तेजी नहीं आने को लेकर विशेष रूप से खिन्न है। भारत संरा सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता का एक मजबूत दावेदार है।वर्तमान में संरा सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 ऐसे गैर स्थायी सदस्य देश होते हैं जिनका चयन संरा महासभा में दो वर्ष के कार्यकाल के लिए होता है।रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका पांच स्थायी सदस्य हैं और ये देश किसी भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर वीटो लगा सकते हैं।विश्व की वर्तमान वास्तविकताओं को समाहित करने के उद्देश्य से काफी लंबे समय से सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही है।

# बैंक ऋण निधि का इस्तेमाल नरेश गोयल के निजी खर्चे के लिए किया गया : ईडी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और उनके परिवार के सदस्यों के लिए बैंक-ऋण निधि से 1,000 करोड़ रुपये के संदिग्ध और व्यक्तिगत खर्च किए गए, जबकि एयरलाइन ने पैसा कुछ टैक्स हेवेन (ऐसे देश जहां कर की दर बहुत कम या शून्य है)में भेजा।यह आरोप प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोयल को धनशोधन मामले में गिरफ्तारी के बाद शनिवार को लगाया। संघीय जांच एजेंसी ने गोयल (74) को दिल्ली से अपने मुंबई कार्यालय ले जाने के बाद शुक्रवार देर रात हिरासत में ले लिया था। धनशोधन रोधी अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवायी के लिए लिए गठित एक विशेष अदालत ने शनिवार को उन्हें 11 सितंबर तक 10 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।


एजेंसी ने एक बयान जारी करके दावा किया कि गोयल के समूह - जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड या जेआईएल - की कुल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 5,951.46 करोड़ रुपये है और इसमें से नौ बैंकों के परिसंघ में से सबसे बड़ा हिस्सा (1,636.23 करोड़ रुपये) भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का है।ईडी की जांच में पाया गया है कि पेशेवर और परामर्श की आड़ में, 1,000 करोड़ रुपये के संदिग्ध खर्चों को दर्ज किया गया, नरेश गोयल और उनके परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत खर्चों को कंपनी के खर्च में दर्ज किया गया था, और बेहिसाबी लेनदेन को प्रमोटर के विदेशी खातों में जमा किया गया था। ईडी ने आरोप लगाया कि जेआईएल ने सामान्य बिक्री एजेंटों के कमीशन की आड़ में दुबई, आयरलैंड और ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह सहित अन्य टैक्स हेवेनस्थित विदेशी संस्थाओं को धन भेजा, जिसका भुगतान गोयल और उनके सहयोगियों से जुड़े संबंधित पक्षों और संस्थाओं को किया गया।

एजेंसी ने कहा है कि जुलाई में उनके खिलाफ छापेमारी के बाद गोयल को दो बार तलब किया गया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए।

**संक्षिप्त समाचार**

# डीएमके नेता उदयनिधि के बयान पर अमित शाह का पलटवार

### वोटबैंक की राजनीति और तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म का अपमान किया गया



**नई दिल्ली,** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को डीएमके और उनके इंडिया गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के नेताओं पर जमकर हमला बोला है।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर विवाद को लेकर ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म का अपमान किया गया है।इस बयान से सीधे तौर पर सनातन धर्म को खत्म करने की कोशिश की गई है।शाह ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि सनातन धर्म को खत्म करने के लिए कह रहे है।भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरूआत के अवसर पर डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ये बायन दिया है।उन्होंने कहा कि इन लोगों ने वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सनातन धर्म की बात की है। उन्होंने सनातन धर्म का अपमान किया है।शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि हिंदू संगठन लश्कर-ए-तैयबा से भी ज्यादा खतरनाक हैं। उन्होंने कहा, आप हिंदू संगठनों की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से करते हैं। आपके मंत्री कहते थे कि हिंदू आतंकवाद चल रहा है। विपक्षी गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताते हुए शाह ने कहा कि गठबंधन वोट बैंक की राजनीति के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, लेकिन वे जितना सनातन (धर्म) के खिलाफ बात करेंगे, उतना ही कम नजर आएंगे। उन्होंने कहा, वे कहते हैं कि अगर मोदी जीत गए तो सनातन शासन आ जाएगा।सनातन लोगों के दिलों पर राज कर रहा है।मोदी ने कहा है कि देश संविधान के आधार पर चलेगा।मोदी ने देश को सुरक्षित करने के लिए काम किया है। अयोध्या में राम मंदिर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर को बाधित किया लेकिन अदालत के आदेश के बाद मोदी ने भूमि पूजन किया और जनवरी में उसी भूमि पर जहां राम का जन्म हुआ था, भव्य राम मंदिर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा विपक्षी गठबंधन इसे रोक नहीं सकता।

### उदयनिधि ने दिया था ये बयान

बता दें कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार दो सितंबर को सनातन धर्म पर बयान दिया है जिसपर भयंकर विवाद शुरू हो गया है। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की है, जिसके बाद हंगामा हो गया है। उदयनिधि ने कहा कि इसका सिर्फ विरोध नहीं होना चाहिए। इसका सफाया होना चाहिए।


# सरकार ने एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर कोविंद के नेतृत्व में आठ सदस्यीय समिति अधिसूचित की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर गौर करने और जल्द से जल्द सिफारिशें देने के लिए शनिवार को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति की अधिसूचना जारी की। समिति की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे और इसमें गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद और वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन के सिंह सदस्य होंगे। उच्च स्तरीय समिति में पूर्व लोकसभा महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी सदस्य होंगे।कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में समिति की बैठकों में हिस्सा लेंगे, जबकि कानूनी मामलों के सचिव नितेन चंद्रा समिति के सचिव होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि समिति तुरंत ही काम शुरू कर देगी और जल्द से जल्द सिफारिशें करेगी, हालांकि इसमें रिपोर्ट सौंपने के लिए किसी समयसीमा का उल्लेख नहीं किया गया है।

# भाजपा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार का विरोध करने के लिये राहुल गांधी की आलोचना की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार का विरोध करने में संकीर्ण रुख अपनाने के लिये रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। भाजपा ने कहा कि देश में 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे तथा इंदिरा गांधी जब प्रधानमंत्री थीं, तब भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर चर्चा हुई थी। भारतीय जनता पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स (पूर्ववर्ती ट्विटर) पर कहा, हमारे संस्थापकों ने जिस व्यवस्था (एक साथ चुनाव) की परिकल्पना की थी, उस पर वापस जाने के लिए पहली बार गंभीर रूप से विचार 1982 में हुआ था, जब इंदिरा गांधी सत्ता में थीं।

तब से विधि आयोग, निर्वाचन आयोग और संसदीय समितियों ने इसपर विचार किया है और इस व्यवस्था की वकालत की है।मालवीय ने कहा, राहुल गांधी को यह याद दिलाने की जरूरत है कि भारत ने अपनी चुनावी प्रक्रिया 1952 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने से शुरू की थी, जो 1967 तक जारी रही। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने अपनी अवसरवादी राजनीति के कारण इस व्यवस्था को बाधित कर दिया और देश उस व्यवधान से कभी उबर नहीं सका और चुनाव चक्र और टूटता गया। कांग्रेस नेता पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, क्या राहुल गांधी यह कहना चाह रहे हैं कि नेहरू, इंदिरा और देश की कई संस्थाएं हमारे संविधान में निहित भारत के विचार को कमजोर कर रही हैं और हमारे संघीय ढांचे पर हमला कर रही हैं। उन्होंने कहा, केवल राहुल गांधी जैसा मूर्ख व्यक्ति ही ऐसी अपमानजनक बात कर सकता है।

मालवीय ने आरोप लगाया कि उनका संकीर्ण दृष्टिकोण कभी भी एक भारत, एक चुनाव की अवधारणा की सराहना नहीं कर पाएगा। उन्होंने दावा किया कि देश को एकजुट करने का प्रयास करने वाली कोई भी चीज कांग्रेस के लिए अस्वीकार्य होगी, क्योंकि वह दशकों से विभाजन और संघर्षों पर फली-फूली है। भाजपा नेता ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने का विचार साहसिक है, जो भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को और समृद्ध एवं सुव्यवस्थित करने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि इससे देश को शासन एवं विकास के लिए अधिक समय मिलेगा।

# तंबाकू निषेध : विशेषज्ञ चाहते हैं मुनाफे से ज्यादा बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता दें ओटीटी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** विशेषज्ञों और राजनीतिक नेताओं ने ओटीटी मंच पर प्रसारित किये जाने वाले कार्यक्रमों में तंबाकू निषेध चेतावनियों और डिसक्लेमर (अस्वीकरण) को प्रदर्शित करने पर जोर देते हुए कहा है कि उद्योग को मुनाफे से ज्यादा बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो बच्चे तंबाकू सेवन के दृश्य देखते हैं, उनमें धूम्रपान की कोशिश करने की आशंका अधिक होती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 31 मई को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए)-2004 के तहत अधिसूचित संशोधित नियम में ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंच के लिए तंबाकू निषेध चेतावनी प्रदर्शित करना अनिवार्य किया है, जैसा कि थिएटरों में प्रदर्शित फिल्मों और टीवी कार्यक्रमों में देखा जाता है। यह नियम एक सितंबर को लागू हुआ।

ओटीटी एक ऐसा मंच है जहां आप इंटरनेट के माध्यम से कहीं भी डिजिटल कंटेंट देख सकते हैं।पिछले हफ्ते टोबैको फ्री इंडिया द्वारा आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संगठन विज्ञान भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शेखर मांडे ने कहा कि संशोधन ना केवल वैज्ञानिक रूप से उचित है, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी आवश्यक था। शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार (विज्ञान के क्षेत्र में देश का सर्वोच्च पुरस्कार) से सम्मानित मांडे ने कहा कि वैज्ञानिक शोध ने स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि ओटीटी मंचों पर तंबाकू के उपयोग को आकर्षक बनाने के प्रयासों को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

शिक्षाविदों और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रसारित कार्यक्रमों में तंबाकू चेतावनियों की शुरूआत की सराहना की और बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। एक स्वस्थ अगली पीढ़ी के लिए तंबाकू के महिमामंडन से मुकाबला विषय पर आयोजित चर्चा में शिक्षाविद शयामा चोना ने कहा कि ओटीटी उद्योग को मुनाफे के बजाय बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। पद्म श्री और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता ने कहा कि दर्शकों को संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करना उद्योग की जिम्मेदारी है और वे इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। दिल्ली स्थित एम्स में रुमेटोलॉजी विभाग की संस्थापक प्रमुख और विज्ञान संचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉ. उमा कुमार ने भी ओटीटी मंचों के लिए तंबाकू निषेध नियमों के कार्यान्वयन का समर्थन किया है।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के लिए मथुरा में हो रही व्यापक तैयारियां, सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मथुरा। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन इस बार सात सितंबर (बृहस्पतिवार) की रात को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने के लिए मथुरा में बड़े पैमाने पर तैयारियां जारी हैं और सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए जा रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा और सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि इस साल भगवान श्रीकृष्ण के 5250वें जन्मोत्सव के अवसर पर जन्मस्थान की साज-सज्जा, ठाकुरजी की पोशाक और श्रृंगार आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।शर्मा ने रविवार को कहा, मंदिर में आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन करने की सुविधा देने के लिए उसके कपाट सुबह 5.30 बजे से देर रात 1.30 बजे तक खुले रहेंगे। यही नहीं, प्रसाद के लिए जल्दी न खराब होने वाली वस्तुएं बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

शर्मा के मुताबिक, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर ब्रज की परंपराओं के अनुरूप श्रद्धालुओं को प्रसाद, बधाई पोटली, खिलौने, मिष्ठान, फल, कपड़े आदि सामग्री वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नंदोत्सव के दिन कढ़ी-चावल और पुआ का विशेष प्रसाद सभी श्रद्धालुओं को बांटा जाएगा।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा भाजपा का नया चोचला: केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम के दौरान एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नया चोचला बताते हुए कहा कि इससे आम आदमी को कोई लाभ नहीं होगा। केंद्र सरकार ने एकसाथ चुनाव कराने की संभावनाएं खंगालने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति बनायी है।केजरीवाल ने आप के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कहा, भाजपा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का नया शिगूफा छोड़ दिया है। इससे देश को क्या मिलेगा? उन्होंने एक राष्ट्र, एक चुनाव के बजाय एक राष्ट्र, एक शिक्षा और एक राष्ट्र, एक इलाज की अवधारणा की वकालत की।

केजरीवाल ने कहा, सबको बेहतर से बेहतर शिक्षा और बेहतर से बेहतर इलाज मिलना चाहिए।... एक राष्ट्र, एक चुनाव से आम आदमी को क्या फायदा होगा? यह भाजपा का चोचला है।उन्होंने दावा किया कि आप दिल्ली और पंजाब में जीत हासिल करने के बाद हरियाणा में भी अपनी सरकार बनाएगी।उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा, आप देखना कि एक दिन देश से भाजपा का खात्मा आम आदमी पार्टी ही करेगी। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को भाजपा ने कई बार अपनी पार्टी में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था, जिसे उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया।उन्होंने कहा, मनीष सिसोदिया जेल के अंदर है, सत्येंद्र जैन फर्जी मामले में एक साल से जेल में थे।उन्हें भाजपा ने 10 बार प्रस्ताव दिया कि केजरीवाल का साथ छोड़ दो, आम आदमी पार्टी छोड़ दो।

मनीष सिसोदिया यदि आज भाजपा में चले जाएं, तो कल उनकी जमानत मंजूर हो जाएगी।सत्येंद्र जैन यदि आज भाजपा में चले जाएं, तो उनके खिलाफ मामले खत्म हो जायेंगे, लेकिन वे शेर के बच्चे हैं।भगत सिंह के चेले हैं। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि भिवानी में जन्मे केजरीवाल ने देश की राजनीति को नई दिशा और दशा दी है।उन्होंने कहा कि भाजपा की जुमला बनाने वाली फैक्टरी 24 घंटे काम कर रही है और 2024 के लोकसभा चुनाव में उनके जुमले बेचने का समय आ रहा है।

# जी 20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर रेलवे ने रद्द की 200 से अधिक ट्रेनें, कई रेलगाड़ियां भी हुई डायवर्ट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




**नई दिल्ली,** दिल्ली में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर ट्रैफिक, सुरक्षा आदि हर स्तर पर तैयारियां की गई है।भारत वर्तमान में नौ और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस सम्मेलन को लेकर दिल्ली में सजावट की जा रही है, वहीं यहां सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए है।

इसी बीच रेलवे ने दिल्ली आने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया है।ऐसे में जिन लोगों को नौ से 11 सितंबर के बीच दिल्ली की यात्रा करनी है वो अपनी यात्रा को ध्यान से प्लान करें। ट्रेन की सुविधा देखने के बाद ही घर से यात्रा करने के लिए निकलें।उत्तर रेलवे ने जिन भी ट्रेनों को रद्द किया है उसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी शेयर की है।रद्द की गई ट्रेनों में ताज एक्सप्रेस, सिरसा एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत तमाम ट्रेनें शामिल हैं।

उत्तर रेलवे के अनुसार नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए 9, 10 और 11 सितंबर को 207 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसके अलावा 36 ट्रेनें ऐसी हैं जिन्हें रेलवे ने शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट किया है।रेलवे ने जी20 बैठक के कारण इन ट्रेनों को नई दिल्ली से पहले ही टर्निमेट करने का फैसला किया है। यानी ये ट्रेनें गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, आदर्श नगर, ओखला साहिबाबाद जैसे स्टेशनों पर ही टर्मिनेट होंगी।

### दिल्ली में है पुख्ता सुरक्षा

जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल को फुलप्रूफ बनाने के लिए दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है। आयोजन स्थल को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने रणनीति बनाई है।वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर भी सुरक्षा को पुख्ता किया जा रहा है।दिल्ली में ट्रैफिक पुलिस ने भी स्मूद यातायात सुविधा देने के लिए तैयारी की है।इसे लेकर जी20 वर्चुअल हेल्प डेस्क बनाई गई है जो ट्रैफिक अपडेट जनता को देगी।इसके जरिए जी-20 शिखर सम्मेलन और हवाईअड्डे, रेलवे स्टेशनों, आईएसबीटी जाने वालों को संभावित रूट का सुझाव दिया जाएगा।

### ट्रैफिक किया जाएगा डायवर्ट

दिल्ली में होने वाले सम्मेलन के लिए कई रास्तों पर यातायात प्रभावित होगा। वहीं सम्मेलन के लिए 3 सितंबर को भी दिल्ली पुलिस फुल ड्रेस रिहर्सल करेगी जिससे यातायात प्रभावित हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है जिसमें कहा गया है कि अधिक से अधिक मेट्रो का उपयोग करें।एडवाइजरी के अनुसार पुलिस को तीन बार रिहर्सल करनी है जो सुबह 8 बजे से 9 बजे तक, 9.30 बजे से 10.30 बजे तक और दोपहर 12.30 बजे से शाम 4 बजे तक होगी।

## 20ली0अवैध कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मोहनलालगंज-लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी में पुलिस ने शनिवार की देर रात 20ली0अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया।पुलिस ने तस्कर के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया हैं।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया शनिवार की देर रात सिसेंडी-केसरीखेड़ा मार्ग पर चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिहं पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे,तभी एक सफेद पिपिया हाथ में लिये खड़ा संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भगाने लगा,जिसे दौड़कर पकड़ने के बाद पिपिया खोलकर चेक की तो उसमें 20ली0अवैध देशी कच्ची शराब निकली,पुछताछ में तस्कर ने अपना नाम रामसजीवन रैदास निवासी केसरीखेड़ा मजरा सिसेण्डी बताया।

## निगोहां पुलिस ने दो वारंटियो को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** निगोहां पुलिस ने रविवार को वांरटियों की धरपकड़ के लिये अभियान चलाकर दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर भेज भेजा।इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद अलग-अलग मुकदमो के फरार चल रहे दो अभियुक्तो दिनेश निवासी भटपुरा व अतीश कुमार निवासी पुरहिया थाना निगोहां को दारोगा मुन्नालाल ने पुलिस टीम के साथ उनके घरो से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

## घर के बाहर सो रही युवती से दबंग ने छेड़छाड़,मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते शनिवार की देर रात वो अपनी बहन के साथ घर के बाहर सो रही थी,तभी दबंग सरवन मौके पर आ धमका ओर उसका जबरन पकड़कर घसीटने के साथ छेड़छाड़ करने लगा,चीखने चिल्लाने पर बहन उठी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# खाकी का जुल्मः औरास दरोगा ने घर में घुसकर युवती को बेरहमी से पीटा

## दरोगा की गुंडई से भय के साए में जी रहा दलित परिवार

**पीड़िता ने औरास दरोगा के खिलाफ रहीमाबाद पुलिस को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** खाकी को शर्मसार करने वाला एक और मामला प्रकाश में आया.जहां छेड़छाड़ के मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार करने गए पड़ोसी उन्नाव जनपद के औरास थाना के दरोगा ने रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े घुसकर आरोपी की बहन को जमकर मारा पीटा और कार में लाद कर ले जाने का प्रयास किया। पड़ोसियों के विरोध करने पर कार से फेंक कर चला गया। पीड़िता जब शिकायत करने थाने जा रही थी, तो रास्ते में रोककर फिर पिटाई कर दरोगा ने मुंह बंद रखने को लेकर धमकाया। पीड़िता महिला सोनी निवासिनी ग्राम बांक बरगदी की मां सुमाता पत्नी रामलखन रहीमाबाद थाने पर तहरीर देकर बताया कि रविवार दोपहर बाद औरास थाने में तैनात दरोगा त्रिपाठी व वर्दी अपने साथ सादी वर्दी में एक हमराही को लेकर घर पहुंचा और उस वक्त घर पर बेटी सोनी अकेली थी दरोगा ने भाई सुरेन्द्र का पता पूछा तो बहन ने जानकारी से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर आग बबूला होकर दरोगा ने बेटी को जमकर लात घुसो से पीटा बेटी के चिल्लाने पर पड़ोसी इकट्ठा हो गए।

फिर खींच कर कार में डालकर ले जाने लगा आसपास के पड़ोसियों के विरोध करने पर कार से नीचे फेंक कर चला गया। दरोगा की शिकायत करने जा रही। बेटी और मुझे रोकर रास्ते में फिर पीटा और मुंह बंद रखने की हिदायत दी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि दरोगा मामले को रफा दफा करने के लिए दस हजार रुपये की मांग कर रहा था, मांग पूरी न करने पर उसने बेटी को पीटकर आतंकित किया।

दूसरी ओर पीड़ित परिवार दरोगा के डर से डरा और सहमा हुआ है। इस संबंध में औरास थाना प्रभारी से जानकारी जुटाई गई तो प्रभारी निरिक्षक साफ मुकर गए कहा कि यहां से कोई भी दरोगा दबिश डालने नहीं गया।

# भाजपा लखनऊ की आईटी व सोशल मीडिया कार्यशाला संपन्न

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ की आईटी व सोशल मीडिया कार्यशाला प्रदेश मुख्यालय पर संपन्न हुई। लखनऊ महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उड़ीसा के सोशल मीडिया व आईटी संयोजक एवं प्रदेश आईटी सोशल मीडिया प्रभारी स्वयं बराल व सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक अंकित चंदेल ने वर्तमान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की उपयोगिता व महत्व के अनुसार भरपूर उपयोग के लिए टिप्स प्रदान किये और "शंखनाथ अभियान" का उद्घोष किया।

महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा सरकार की उपलब्धियां को बूथ स्तर तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के द्वारा पहुंचाना है।विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों का भरपूर उपयोग करते हुए और हर बूथ पर संगठनात्मक एवं प्रचारात्मक ग्रुप बनाकर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाएं।

मुकेश शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर आतंकवाद का खात्मा किया।आज देश में प्रतिदिन 35 से 40 किलोमीटर रोड का निर्माण हो रहा है।भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया है और आने वाले समय में तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी विश्व के लोकप्रिय नेता हैं।उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित है ।

देश की जनता का विश्वास आज भी नरेंद्र मोदी सरकार के ऊपर है।विपक्ष की सभी भ्रष्टाचार करने वाले दल एक हो रहे हैं। मुख्य वक्ता स्वयं बराल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की बड़ी भूमिका है।2014 के चुनाव में सोशल मीडिया का प्रयोग पहली बार हुआ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा सोशल मीडिया का सफलतम प्रयोग करके चुनाव में सफलता प्राप्त की। वर्तमान समय में सोशल मीडिया का प्रारूप बदल रहा है, संचार का माध्यम बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी सरकार ने 9 साल में देश में समग्र विकास कार्य किया है भाजपा के पास विकास का मुद्दा है। विपक्षी पार्टियों के पास कोई मुद्दा नहीं है वह नकारात्मक प्रचार के द्वारा लोगों को भ्रमित करने का कार्य करेंगे।2024 का चुनाव झूठ और सच का चुनाव होगा। विदेशी शक्तियां भी विपक्षी पार्टियों के लिए सरकार के खिलाफ नकारात्मक प्रचार कर रही हैं।

उन्होंने कहा हमारे आदर्श प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं उनको जब संगठन ने जो दायित्व दिया उन्होंने 100% दायित्व का निर्वहन किया। उन्होंने आईटी व सोशल मीडिया के संगठन को बूथ तक ले जाने व संगठन जो दायित्व दे उसका 100% कार्य करने के लिए कार्यकताओं को प्रेरित किया। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक अंकित चंदेल ने आईटी व सोशल मीडिया के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पहचान साइबर योद्धा के रूप में होती है इसके अनुरूप पूरी सक्रियता के साथ हमें पार्टी की विचारधारा और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। सह मीडिया प्रभारी ऋषि शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखनऊ महानगर महामंत्री राम अवतार कनौजिया, अवध क्षेत्र आईटी संयोजक मानस मित्र, सोशल मीडिया संयोजक आयुष बाजपेई ,सह संयोजक मनोज त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, सोशल मीडिया महानगर संयोजक जितेंद्र कुमार मिश्रा, अखिलेश अवस्थी, आईटी संयोजक लखनऊ महानगर अर्जित चटर्जी, शुभम यादव उपस्थित रहे।

# पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जाएंगे राज्यसभा

**भाजपा ने उम्मीदवार बनाया; योगी 2.0 के मंत्रिमंडल में नहीं मिली थी जगह**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा राज्यसभा जाएंगे। भाजपा ने उनको राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी सांसद हरद्वार दुबे के निधन के बाद राज्यसभा की एक सीट खाली हुई थी। 15 सितंबर को इस सीट पर वोट डाले जाएंगे।उसी दिन वोटों की गिनती भी होगी। समीकरणों के हिसाब से दिनेश शर्मा का राज्यसभा में जाना तय है।वहीं, दिनेश शर्मा के राज्यसभा जाने से यूपी में विधान परिषद की एक सीट पर भी जल्द उपचुनाव होगा।क्योंकि, वह अभी विधान परिषद के सदस्य हैं और उनका कार्यकाल जनवरी, 2027 तक है। दिनेश शर्मा योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में डिप्टी सीएम रहे हैं। हालांकि, योगी 2.0 के मंत्रिमंडल में उनको जगह नहीं मिली थी।

### ब्राह्मण चेहरे की थी चर्चा, लेकिन रेस में नहीं थे दिनेश शर्मा

दरअसल, 26 जून 2023 को दिल्ली में राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे का निधन हो गया था। इसके बाद राज्यसभा की यह सीट खाली हुई थी। उनका कार्यकाल नवंबर, 2026 तक था।इसके बाद से भाजपा में चर्चा चल रही थी कि इस सीट किसी ब्राह्मण चेहरे को ही उम्मीदवार बनाया जाए। हालांकि, दिनेश शर्मा का लिस्ट में कहीं भी नाम नहीं था।जाने-माने कवि कुमार विश्वास, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर और पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव के नाम पर लगातार चर्चा चल रही थी। लेकिन भाजपा ने दिनेश के नाम का ऐलान कर सभी को चौंका दिया।

### 15 सितंबर को इस सीट पर होगा उपचुनाव

इस सीट पर नामांकन की प्रक्रिया 29 अगस्त से शुरू होगी।नामांकन की आखिरी तारीख 5 सितंबर है। 6 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी का अंतिम दिन 8 सितंबर है।15 सितंबर को वोट डाले जाएंगे।वोटिंग सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विधानसभा के भीतर ही तिलक हॉल में होगी।

# महिला सशक्तिकरण की तरफ बढ़ रहे कदम,आत्मनिर्भर होंगे हम

**बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान महिलाओं को दे रहा प्रशिक्षण**

**ग्राम पंचायत जौखंडी में चल रहा 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार



**गोसाईगंज।** महिला सशक्तिकरण की तरफ बैंक ऑफ बड़ौदा के उपक्रम बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बडौदा आर सेटी) की ओर से 10 दिवसीय होममेड अगरबत्ती मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड गोसाई गंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जौखंडी में चल रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवाओं तथा समूह से जुड़ी महिलाओं को घर पर ही स्वरोजगार से जोड़ना है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

संस्थान का कार्य विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं तथा महिलाओं को स्वरोजगार गतिविधियों में शामिल करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है, इसके साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षित युवक, युवतियों, महिलाओं को बैंक के द्वारा ऋण मुहैया कराना तथा उनके स्टार्टअप पर अधिकारियों के द्वारा लगातार 2 वर्षों तक सहयोग किया जाता है, प्रशिक्षण अधिकारी रितेश मोदगिल ने बताया संस्थान की ओर से ग्राम पंचायत जौखंडी में 10 दिवसीय होममेड अगर बत्ती मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया है, जिसमें ग्राम पंचायत जौखंडी की 29 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें अगरबत्ती,धूप बत्ती का उत्पादन, पैकेजिंग, मार्केटिंग के बारे में जानकारी दी जा रही है, यह प्रशिक्षण 18 वर्ष से 45 वर्ष की आयु के युवा तथा युवतिया एवं महिलाएं निःशुल्क प्राप्त कर सकती हैं,

इसके साथ ही बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के माध्यम से कई प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहे हैं, जैसे ब्यूटी पार्लर, वूमेन ट्रेलर, सेल फोन रिपेयर एंड सर्विसिंग, एसी फ्रिज की रिपेयरिंग, कॉस्ट्यूम ज्वैलरी, सॉफ्ट टॉयज मेकर एंड सेलर आदि अनेक प्रकार के प्रशिक्षण निःशुल्क संस्थान की ओर से कराये जाते है। कार्यक्रम निदेशक श्रवण कुमार सिंह के निर्देशन में होममेड अगरबत्ती मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है तथा संजय जयसवाल के द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण के उपरांत प्रैक्टिकल कार्य भी करवाया जा रहा है।

# घोसी से सपा प्रत्याशी के बेटे पर एफआईआर

**सिपाही को फोन कर बोला-तुम्हारे चौकी इंचार्ज को जूतों से मारूंगा; डिप्ट सीएम ने कहा-हिंसा हो सकती है**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह पर एफआईआर हुई है। वह पूर्व ब्लॉक प्रमुख हैं। आरोप है कि सुजीत सिंह ने एक सिपाही को फोन करके धमकाया। कहा कि सपा के पक्ष में काम नहीं कर रहे हो। तुम्हारे जो चौकी इंचार्ज है दलित समाज से उनको जूते से पीटेंगे।

CO घोसी शीतला प्रसाद पांडे ने इस मामले में कोपागंज थाने में सिपाही योगेश कुमार यादव ने ऋकफ दर्ज कराई है। योगेश, कोपागंज थाने की जाफरगंज चौकी में तैनात हैं।सुजीत सिंह के खिलाफ गाली-गलौज करने, धमकी देने समेत 7 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।मामले की जांच की जा रही है।

"गंदी-गंदी गालियां दी गईं"

मामले में कोपागंज के कुथीर्जाफरपुर पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही योगेश यादव ने 2 सितंबर को तहरीर दी। सिपाही ने अपनी तहरीर में लिखा, "31 अगस्त की शाम 9 बजे उसके पास एक फोन आया।इसमें उससे कहा गया कि मैं सुधाकर सिंह का बेटा सुजीत सिंह बोल रहा हूं।उन्होंने एक अज्ञात व्यक्ति का पानी के पाइप तोड़ देने की बात कही और फिर मेरे ऊपर 6 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगा दिया।" तहरीर के मुताबिक सिपाही योगेश ने कहा, "सुजीत सिंह ने धमकी देते हुए कहा कि अगर तुमने उपचुनाव को लेकर ये मदद नहीं की, तो निलंबित करा दूंगा। इसके साथ ही चौकी इंचार्ज कुथीर्जाफरपुर सुनील कुमार सरोज को सार्वजनिक रुप से अपशब्दों का प्रयोग करते हुये जूता मारने की धमकी दी गई। इसके बाद मुझे अपना बताते हुए प्रलोभन देने की भी कोशिश की गई।

# जर्जर सड़क के निर्माण पर अड़े किसान नेता, 15वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना रहा जारी

अमन लेखनी समाचार




**मोहनलालगंज-लखनऊ।** खुजौली- नगराम जर्जर मार्ग के तत्काल निर्माण समेत किसानो की जमीनो का सर्किल रेट बढाने जाने की मांग पर अड़े भारतीय किसान मजदुर संगठन का अनिश्चितकालीन धरना 15वें दिन रविवार को भी प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष दिनेश यादव,जिला उपाध्यक्ष जंग बहादुर,जिला महासचिव प्रेमचंद व ब्लाक अध्यक्ष अशोक यादव समेत पदाधिकारियों व किसानो की मौजूदगी में खुजौली चौराहे पर जारी रहा।ज्ञात हो जर्जर सड़क के निर्माण पर अड़े किसान नेताओ की एसडीएम समेत पीडब्लूडी विभाग से वार्ता विफल हो गयी थी,जिसके बाद किसान नेताओ ने अनिश्चितकालीन धरना जारी रखने का एलान किया था।प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर ने बताया जर्जर सड़क का निर्माण शुरू होने समेत किसानो की जमीनो का सर्किल रेट डीएम द्वारा तत्काल बढाये जाने के बाद ही अनिश्चितकालीन धरना समाप्त होगा,अगर अफसर नही चेते तो आर पार की लड़ाई लड़ने को किसान तैयार हैं।रविवार को ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान नेताओ से मिलने पहुंचे। उन्होने किसान नेताओ को जर्जर सड़क के जल्द निर्माण के लिये विभागीय मंत्री समेत उच्चाधिकारियों से मिलने का आश्वासन दिया।इस मौके पर राजेश पांडे,ब्लाक उपाध्यक्ष सुरेश पाल, रामकिशोर, मुन्नीलाल, रामलखन, महेशकुमार, अखिलेश, रामलोधी, महामंत्री हरपाल सिहं वर्मा, राजेश कुमार,सुरेन्द्र यादव मौजूद रहें।

## किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मोहनलालगंज-लखनऊ।** मोहनलालगंज के दहियर मजरा शिवढरा गांव निवासी राजगीर राकेश रावत बताया बीते शनिवार की देर रात परिवार के सभी सदस्य खाना खा रहे थे तभी बेटे करन(17वर्ष) अचानक दरवाजे से घर के अंदर आकर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर छत में लगी बांस बल्ली में साड़ी के फंदे के सहारे फांसी लगा ली।काफी देर तक बेटे करन की आहट ना मिलने पर कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नही मिली,जिसके बाद कमरे की छत में चढकर सीमेंट की चादरे हटायी तो अंदर बेटे का शव साड़ी के फंदे के सहारे लटक रहा था,जिसके बाद परिजन आनन-फानन बेटे के जिंदा होने की आस में फंदे से उतारकर सीएचसी लेकर गये,जहां डाक्टरो ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।डाक्टर की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक किशोर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया प्रथम द्दष्टया जांच में प्रेंस प्रसग में किशोर द्वारा आत्महत्या किये जाने की बात पता चली है।

# सरोजनीनगर : बेहटा में लगा 40वां 'आपका विधायक-आपके द्वार', सुनीं गई जनसमस्याएं, 4 मेधावियों को किया गया सम्मानित

**तारा शक्ति नि:शुल्क रसोई' से बेहटा के ग्रामीणों ने किया भोजन, यूथ क्लब स्थापित कर वितरित की गई स्पोर्ट्स किट**

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता से नियमित संवाद कर, जनसमस्याओं को सुन उसके निस्तारण के लिए प्रयासरत रहते हैं। इसके लिए साप्ताहिक तौर पर 'आपका विधायक, आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया जाता है। रविवार को ग्राम बेहटा में 40वां 'आपका विधायक, आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया।

### जनसुनवाई शिविर में सक्रिय दिखी टीम राजेश्वर–

इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिविर में जनता के बीच पहुंची विधायक की टीम उनकी समस्या के समाधान के लिए सक्रिय दिखी, टीम के सदस्यों ने जनता से सहजतापूर्वक संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

शिविर में प्राप्त सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। साथ ही क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से भी ग्रामीणों को अवगत कराया।

### गांव की शान' – मेधावियों का सम्मान

साथ ही 'गांव की शान' अभियान के अंतर्गत मेधावियों को सम्मानित करने के क्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले गांव के 4 मेधावियों वंशिका मौर्या (84.4%), अनामिका गौतम (72.8%), छोटू पाल (65%) एवं अरुण मौर्या (60%) को साइकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### यूथ क्लब को स्पोर्ट्स किट वितरित, वृद्ध महिला को किया सम्मानित

युवाओं को खेल के अवसर दिलाने तथा खेल संसाधनों के प्रसार के लिए ग्राम बे ?हटा में यूथ क्लब का गठन किया गया और स्पोर्ट्स किट भी वितरित की गई। बेहटा निवासी 80 वर्षीय पराना देवी से विधायक की टीम के सदस्यों ने मुलाकात की और उन्हें रामचरितमानस, अंगवस्त्र व सहायता राशि देकर सम्मानित किया।

### 'तारा शक्ति नि:शुल्क रसोई' के माध्यम से कराया गया भोजन–

इस दौरान माता तारा सिंह जी की प्रेरणा से आरंभ हुए 'तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से बेहटा गांव के लोगों को ताजा व स्वादिष्ट भोजन भी उपलब्ध कराया गया।लोगों ने डॉ. राजेश्वर सिंह की इस अनूठी पहल की जमकर सराहना की।

# युवक उपेन्द्र की हत्या के फरार छः आरोपियों को पुलिस ने अभी तक नहीं किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज-लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र जबरौली गांव में युवक उपेन्द्र की गला कसकर हत्या के फरार छःआरोपियों को पुलिस घटना के 19दिन बीत जाने के बाद भी गिरफ्तार नही कर सकी ओर जांच चलने की बात कहकर हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

पीड़ित सजंय ने पुलिस पर जानबूझकर आरोपियों को गिरफ्तार ना करने का आरोप लगाते हुये सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखने के साथ ही जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।पीड़ित सजंय का आरोप है हत्यारोपी मुकदमा वापस लेने का दबाब बना रहे है ओर वापस ना लेने पर पूरे परिवार की हत्या करने की धमकी दे रहे है।जिसके चलते परिवार बुरी तरह डरा सहमा हुआ है।

मोहनलालगंज के जबरौली गांव निवासी संजय कुमार ने बताया उनके भाई उपेन्द्र की 16अगस्त को गला कसकर हत्या के बाद घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिये पुरानी रंजिश में हत्यारो ने फांसी के फंदे से खेत की झोपड़ी में लटका दिया था,मृतक भाई के शव के पोस्टमार्टम में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने उसकी तहरीर पर राजकपूर साहू,अरूण साहू,प्राजुंल साहू,पुष्पेन्द्र साहू,गनेश यादव व उनके बेटो पिंटू यादव,सोनू यादव के खिलाफ हत्या समेत एससी/एसटी एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था,जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी पिंटू यादव को हिरासत में लेने के कई दिन बाद जेल भेज दिया था,लेकिन अन्य फरार छःआरोपियों को घटना के 19दिन बाद भी गिरफ्तार नही कर सकी। संजय ने बताया हत्यारोपी उसपर व परिवार पर मुकदमा वापस लेने का दबाब बना रहे ओर वापस ना लेने पर पूरे परिवार की हत्या करने की धमकी धमकी दे रहें है।आरोपियों की धमकी से पूरा परिवार डरा सहमा हुया है।पीड़ित ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखने के साथ ही जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर फरार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।एसीपी नितिन सिहं ने बताया मुकदमें में हत्या समेत एससी/एसटी की धारा लगी है,जिसकी विवेचना वो स्वंय कर रहे है।फरार आरोपियों की तलाश जारी है,जल्द ही गिरफ्तार कर उन्हे जेल भेजा जायेगा।

# सरकारी बंजर जमीन पर अवैध निर्माण कराने वाले कब्जेदार पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज-लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील के कोराना गांव में हल्का लेखपाल के रोकने के बाद भी सरकारी बंजर जमीन पर जबरन अवैध निर्माण करा रहे दबंग के विरूद्व पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर 2/3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया हैं।लेखपाल महताब ने बताया उनके क्षेत्र गोविंदपुर मजरा कोराना गांव में सरकारी बजंर जमीन में दबंग मोतीलाल अवैध रूप से कब्जा कर शौचालय व नींव भराकर अवैध पक्का निर्माण करा था,सूचना पर 17अगस्त को मौके पर जाकर अवैध निर्माण रूकवा दिया गया था,जिसके बाद दोबारा मोतीलाल ने सरकारी जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया।एसडीएम ने दोबारा अवैध निर्माण शुरू होने की शिकायत मिलने पर हल्का लेखपाल को कब्जेदार के विरूद्व मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दियें।जिसके बाद शनिवार को लेखपाल महताब ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर अवैध कब्जेदार के विरूद्व कार्यवाही की मांग की।इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिहं ने बताया लेखपाल की तहरीर पर आरोपी मोतीलाल के विरूद्व 2/3लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# श्री राजपूत करणी सेना में सरोजनी नगर विधानसभा अध्यक्ष बने अतुल सिंह

अमन लेखनी समाचार



**बंथरा।** दरोगा खेड़ा स्थित स्थानीय कार्यालय पर श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह (दीपू) की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। आयोजन में सर्वसम्मत से विधानसभा क्षेत्र के बंथरा निवासी अतुल सिंह को विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह व मौजूद सभी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि अतुल के शामिल होने से विधानसभा स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह दीपू ने संबोधित करते हुए कहा कि श्री राजपूत करणी सेना समाज के उत्थान के लिए हमेशा काम करती रहेगी। विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर अतुल सिंह ने संगठन के सभी पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए विधानसभा स्तर पर हर संभव प्रयास करने का काम किया जाएगा।इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास सिंह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिला संयोजक अमित सिंह, जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़ नामवर सिंह, जिला संगठन मंत्री अमरेंद्र सिंह, मोनू राजपूत, सूरज सिंह, राकेश तिवारी, रमेश सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### खनन माफियाओं ने रातों रात जेसीबी लगाकर खोदवा ली मिट्टी

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना फतेहपुर 84 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दौलतपुर में बीते शुक्रवार रात्रि में खनन माफिया द्वारा पीड़ित की जमीन पर जबरदस्ती रातों-रात खनन कराया गया जब पीड़ित रक्षा बंधन में ससुराल गया हुआ था दबंग खनन माफिया ने जबरदस्ती रात में जेसीबी बुलाकर खनन करा दिया शासन प्रशासन देखता ही रहा इस बारे में क्षेत्रीय लेखपाल को भी जानकारी दी गई उसके बावजूद किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। थाना फतेहपुर 84 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दौलतपुर में पीड़ित रामचंद्र शुक्ल ने आरोप लगाया की हुसेपुर निवासी राजेश यादव दबंग खनन माफिया द्वारा बीती शुक्रवार रात्रि को जमकर खनन कराया रात भर जेसीबी चलती रही पीड़ित अपनी ससुराल रक्षाबंधन में गया था उसको कुछ पता ही नहीं कि खनन किसने कराया जानकारी होने के बाद पीड़ित ने जब कहा तो उल्टा सीधा खनन माफिया पीड़ित को कहने लगा और इसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को भी दी गई मगर लेखपाल ने अभी तक मौके पर जाकर किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं की और ना ही कार्यवाही की इससे साबित होता है कि क्षेत्रीय लेखपाल की मिली भगत से खनन माफिया ने खनन कराया जबकि योगी सरकार लगातार खनन माफिया पर शिकंजा करते नजर आ रही मगर यह खनन माफिया के दिन पर दिन हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और जबरदस्ती खाना करने को क्षेत्र में तैनात रहता है।

### बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों का राशन भेज दिया दूसरे गांव ग्रामीणों में आक्रोश

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरिदासपुर में गंगाजल स्तर बढ़ने से पूरा गांव जलमग्न हो गया इसके संबंध में ग्राम सभा के दर्जनों ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख को प्रार्थना पत्र देकर डिमांड लगवाई गई थी इसके संबंध में हरदासपुर का राशन किट ग्राम प्रधान ने उठकर दूसरे मजरा में रूपपुर पावा भेज दिया जिससे हरिदासपुर के ग्रामीण आक्रोशित हैं इन लोगों ने जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।। फतेहपुर 84 विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरिदासपुर में गंगा जल स्तर बढ़ने से पूरी ग्राम सभा जलमग्न हो गई थी जिसको लेकर ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद को प्रार्थना पत्र दिया था की राशन की किट ग्राम सभा में बंटनी चाहिए मगर प्रधान व लेखपाल की मिली भगत से वह कट उठाकर मजरा रूपपुर पावा को भेज दी गई जिससे दर्जनों ग्रामीण आक्रोशित हैं ग्रामीणों का कहना है कि मेरी ग्राम सभा में जो राशन वितरण की किट आई थी वह मेरी ग्राम सभा में वितरण होनी चाहिए मगर प्रधान की हिलावली के चलते रूपपुर पावा में इस राशन किट का वितरण किया गया उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर ग्रामीणों ने मांग की की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

## प्रेम भूषण जी महाराज सुनाएंगे श्रीराम कथा

### श्रीरामलीला कमेटी ने किया रामभक्तों का आवाहन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। 151वें श्रीरामलीला महोत्सव के अंतर्गत अयोजित होने वाली 9 दिवसीय श्रीराम कथा के लिए पारस्परिक संवाद और भोज का आयोजन स्थानीय पार्क व्यू पैलेस में हुआ। आचार्य मदन बाजपेई ने श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय राठी और महामंत्री अरविंद श्रीवास्तव कमल से पूजन अर्चन और आगामी कथा का संकल्प कराते हुए शुरूआत करायी। अध्यक्ष संजय राठी ने बताया प्रभु राम की ही कृपा से विश्व विख्यात कथा प्रवक्ता प्रेमभूषण जी महाराज द्वारा अमृतमयी श्रीरामकथा का अनुष्ठान आगामी 29 नवम्बर से 7 दिसंबर तक होगा जिसमे कमेटी द्वारा नियोजित कुछ समाजहित के अनुष्ठानों की भी घोषणा महाराज श्री के द्वारा कराने का मन बनाया गया है।पूर्व अध्यक्ष कांतिमोहन गुप्ता ने कहा 150 वर्षों से ज्यादा समय से हमारी कमेटी ने रामजी की सेवा करते हुए प्रतिवर्ष कुछ नया करने का प्रयास किया है। महामंत्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव कमल ने उपस्थित जनों का उत्साह बढ़ाते हुए तन मन धन से सहयोग करने की अपील की। महिला मंडल अध्यक्ष आरती यादव ने नई पीढ़ी में ईश्वर देवी देवताओं के प्रति अज्ञानता पर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसे अनुष्ठानों में बच्चों को लाने की अपील की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कथा संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि प्रेमभूषण जी महाराज के श्रीमुख से एक बार फिर कथा सुनने का अवसर मिल रहा है जिसे हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम सभी इस महाकुंभ में सपरिवार उपस्थित हो अपना सहयोग दें। संचालन कर रहे मीडिया प्रमुख डॉ मनीष सिंह सेंगर ने सभी से अपील की कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा लोगों को आमंत्रित कर श्रीराम कथा का पुण्य लाभ अर्जित करें।प्रमोद गुप्ता रामू, आध्यात्मिक विचारक प्रमोद शुक्ला, हिन्दू जागरण मंच से विमल द्विवेदी, व्यापार मंडल से अखिलेश अवस्थी आदि ने श्रीराम का जयघोष कराते हुए कथा यज्ञ को ?तिहासिक बनाने की बात कही। अध्यक्ष संजय राठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सबको भोजन प्रसाद के लिए आमंत्रित किया। कोषाध्यक्ष जगदीश माहेश्वरी, कृष्णप्रिय मोती श्याम, विनोद शर्मा एडवोकेट, प्रेम निश्रा, विघ्नेश पाण्डेय, संजीव गुप्ता, सुभाष गुप्ता, कौशल किशोर यादव, इंदु प्रकाश अवस्थी, प्रेम सिंह सेंगर, नीरज निगम, पंकज मिश्रा, बल्लू गुप्ता, महेश गुप्ता, अखिलेश ओमर, शरद मिश्रा, शिवम तिवारी, अशोक शुक्ला, राहुल कश्यप, प्रवीण शर्मा आदि सहित लगभग डेढ़ सैकड़ा सहयोगी रहे।

## भाजपा विधायक ने सिंचाई अफसरों से नाराज होकर किया धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शनिवार को सिंचाई अफसरों से नाराज भाजपा विधायक आशुतोष शुक्ला धरने पर बैठ गए। थोड़ी में उनके समर्थक भी पहुंच गए। विधायक की धरने की सूचना पर एस डी एम फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फिर उन्हें मनाने में जुट गए।इस दौरान विधायक ने कहा, ₹रूपपुर-जोरावरपुर मार्ग पर 10 महीने से पुलिया टूटी है।विभाग के अधिकारी कहते हैं कि पुलिया बन गई है, लेकिन आप देखिए। कहां पुलिया बनी है? विधायक ने कहा, 6 महीने बाद मैं अपने सांसद साक्षी जी महाराज के लिए वोट मांगने यहां आऊंगा, तो जनता कैसे वोट देगी? मैं न ही पार्टी को धोखा दे सकता हूं और न ही क्षेत्र की जनता को हालांकि, विधायक ने 4 घंटे बाद एस डी एम के आश्वासन के बाद धरना खत्म किया। भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने बताया, एक महीने पहले सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार सिंह उनका फोन कर अवगत कराया था। क्षतिग्रस्त पुलिया को बनवाया जाए। लेकिन उन्होंने कहा कि यह उनके विभाग में नहीं आती है।इसके 15 दिन बाद दोबारा उन्हें इस बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि यह हमारे विभाग में है।₹मैं शांत पूर्वक चुपचाप जमीन पर बैठ गया हूं₹ विधायक ने कहा, ₹आज मैं रास्ते से गुजर रहा था, तो अधिशासी अभियंता को फोन किया। उन्होंने मुझे ताया कि पुलिया बन रही है।लेकिन मौके पर कोई काम नहीं हो रहा था। पुलिया जस की तस थी। इसके विरोध में मैं शांति पूर्वक जमीन पर बैठ गया हूं।' यहां कई एक्सीडेंट हो चुके हैं। बाईपास तक नहीं बनाया गया।यह बहुत छोटी पुलिया है, जो 1 महीने में बनकर तैयार हो जानी चाहिए थी।10 महीने हो गए हैं, लेकिन नहीं बनी है।इससे हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सिंचाई विभाग के मंत्रियों की बदनामी होती है।जनता परेशान है। महीने बाद चुनाव में जनता के बीच जाना है, वोट मांग पाएंगे। मैं किसी अधिकारी से नाराज नहीं हूं, लेकिन दुखी हूं।

## राजधानी में होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन में शामिल होगे जनपद के दिव्यांगजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में कल राजधानी लखनऊ दिव्यांगजन विभाग इन्द्र भवन में होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर रामरीला मैदान से लखनऊ बाईपास तक शहर में मोटरसाइकिल जलूस निकल दिव्यांगजन को लखनऊ पहुँचने के अपील की।राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तन्मय श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के जिले में आने से उन्होंने विकलांगो में ऊर्जा भरने का काम किया है।प्रदेश अध्यक्ष तन्मय श्रीवास्तव ने बताया कि कल दिनांक 4 सितम्बर को सुबह 7 बजे रेलवे स्टेशन पर सभी विकलांग इकट्ठा हो कर भारी संख्या में लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। सभी विकलांग साथियों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आ कर एक मंच एक विचार के साथ पार्टी का साथ दे।आज के जलूस में राहुल कुमार, सचिन द्विवेदी, सुधीर ,सुमन्त कुमार, अरविंद सोनी, सास्वत ,धीरज, रमेश, महेश, हेमंतकुमार, प्रदीप, विजय कुमार, रेहान, मनोज, विनोद आदि लोग उपस्थित रहे।



## छुट्टा मवेशियों से तंग आकर खेती किसानी छोड़ रहे किसान

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव।क्षेत्र के सैकड़ों गावों में किसान छुट्टा मवेशियों से परेशान हैं किसानों की खेती दो तीन छोटे छोटे टुकड़ों में होने से किसान सभी खेतों में कटीले तार नहीं लगवा पा रहा है कटीले तारों की लागत बहुत आती हैं किसान बिना कटीले तार लगवाएं फसल की रक्षा नहीं कर पा रहा है किसानों ने कहा कि जो बीज खेतों में वो देते हैं वह भी वापस नहीं मिल पा रहा है ठंडी गर्मी बरसात साल भर खेतों में फसल ताकते हैं यदि एक दिन भी सो जाते है तो जानवर फसल खा जाते है बोई गई फसल की लागत तक वापस नहीं आती है किसानों का मुख्य व्यवसाय कृषि है कृषि पर ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई शादी विवाह घर गृहस्ती आदि के सारे खर्चे इसी कृषि पर ही निर्भर होते हैं कई वर्षों से लगातार जानवरों के आतंक से खेतों में बोई गई फसल नहीं पैदा हो पा रही है जिसके कारण किसान कृषि कार्य करने से पीछे हट रहा है व खेती भी करना छोड़ रहा है वही लगातार सरकार तरह-तरह के वादे कर रही है लेकिन उनके प्रशासनिक अधिकारीगण उन वादों पर अमल नहीं कर रहे है जिससे परेशान होकर किसान परेशान होकर खेतों में फसल बोना छोड़ रहे हैं तहसील मुख्यालय पाटन से मात्र चंद्र कदमों की दूरी ग्राम भैरमपुर खेसुवा मलौना चिकंदर पुर छाछीराई खेड़ा आदि सैकड़ों गावों में सैकड़ों बीघा भूमि नहीं बोई गई है

## मजदूरी कर वापस घर लौटे वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।शटरिंग लगाने गए वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।शाम को काम बन्द करके घर के बाहर चबूतरे पर बैठकर सुस्ता रहा वृद्ध वही लुढ़क गया।सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव नैनीखेडा निवासी लगभग साठ वर्षीय जगतनाथ लोधी पुत्र नंगा शटरिंग लगाने का काम करता है।शनिवार को वह क्षेत्र के गांव खेवरई निवासी दानिश पुत्र जावेद के घर पर शटरिंग लगवाने गया था। जहां शनिवार शाम को काम बंद होने के बाद वह दानिश के ही चबूतरे पर बैठकर सुस्ताने लगा।बताया जाता है कि वही पर बैठे बैठे जगतनाथ एक ओर लुढ़क गए साथी कामगारो ने हिला डुलाकर देखा तो जगतनाथ की मौत हो चुकी थी।ग्रामीणों में घटना को लेकर तरह तरह की चचाएंँ है।सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मृतक अपने पीछे पांच विवाहित पुत्रियां एवं एक विवाहित पुत्र शिवमंगल उर्फ मंगल को रोता बिलखता छोड़ गया है।

प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया है कि सूचना पर शनिवार को शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवा दिया गया था रविवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने एवं परिजनों से प्रार्थनापत्र मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## बहला फुसलाकर किशोरी को अपने साथ ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था किशोरी के पिता ने स्थानीय थाना में युवक पर मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने किशोरी व युवक को सकुशल बरामद कर युवक को जेल भेज दिया

थाना बिहार क्षेत्र के गनेशी खेड़ा निवासी पंकज कुमार पुत्र रामू बीते दिनों गांव की 16 वर्षीय किशोरी अपने साथ बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था जिस पर किशोरी के पिता ने युवक पर मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने दोनो को तकिया पाटन बस स्टाप से दोनो को पकड़ कर थाना लाई जहां से पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

## उन्नाव वेटरन्स किक्रेट के प्रतिनिधि बरेली रवाना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।उत्तर प्रदेश वेटरन्स किक्रेट एसोसिएशन की पच्चीसवी आम सभा की बैठक बरेली में आयोजित हो रही है जिसमें भाग लेने के लिए उन्नाव वेटरन्स किक्रेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राज कुमार यज्ञसेनी, सचिव राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पी के मिश्र ,सह सचिव मंसूर खान और संजय श्रीवास्तव बरेली रवाना हो गये हैं। उक्त सिल्वर जुबली बैठक में कुछ वरिष्ठ वेटरन्स किक्रेट खिलाड़ी सम्मानित किए जायेंगे तथा वर्ष 2023-24 की अन्तर जिला किक्रेट लीग की फिक्सचर भी फाइनल होगी जो एक अक्टूबर से प्रारम्भ होने जा रही है जिसमें 28 जिलों की वेटरन्स किक्रेट टीम भाग लेंगी।वेटेरेंस क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इसके अलावा अन्य अनेक महत्वपूर्ण निर्णय उक्त उत्तर प्रदेश वेटरंस क्रिकेट एसोसिएशन की पच्चीसवें आम सभा की मीटिंग में लिए जाने हैं।




## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज गया है। 3 सितंबर को निरीक्षक अपराध विनोद कुमार मय हमराह कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह, महशर आलम, गिरिश कुमार द्वारा थाना गंगाघाट पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्तं मनीष कटियार पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला शक्तिनगर वार्ड-17 शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तं को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

## परिजनो से झगड़ा करने के बाद युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बीती रात शराब के नशे में पत्नी व बच्चो से लड़ाई झगड़ा कर अधेड़ युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली भोर पहर जब परिजनो ने उसे फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो उनके होश उड़ गए मृतक सायकिल ठेलिया लगाकर रोजी रोटी कमाता था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया

कस्बा के सराय फजल अजीम निवासी सोनेलाल 54 वर्ष पुत्र पुस्सा बीती शाम शराब के नशे में धुत्त घर पहुंचा और पानी पुष्पा व पुत्र शुभम से लड़ाई झगड़ा करने लगा किसी प्रकार वो शांत होकर सोने के लिए कमरे के अंदर चला गया भोर पहर जब पत्नी कमरे के अंदर गई तो उसे छत के कुंडे से फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो उसके होश उड़ गए चीख पुकार सुन कर बड़ा पुत्र शंकर व छोटा शुभम मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अग्रिम कार्यवाही रिपोट आने के बाद की जाएगी।

## दहेज हत्या में वांछित महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मौरांवा पुलिस द्वारा दहेज हत्या की वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। बता दे की 3 सितंबर को उप निरीक्षक शिवकुमार मय हमराह कास्टेबल धर्मवीर सिंह, माधुरी सिंह द्वारा थाना मौरांवा पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्ता राम दुलारी पत्नी राम आसरे निवासी बाजखेडा मजरा करदहा थाना मौरावां उन्नाव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तां को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

## सिलिंडर की पाइप फटने से झुलसी महिला, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र के जामन ग्राम में शनिवार की देर शाम खाना बनाते समय सिलिंडर में आग लगने से झुलसी महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। वह लखनऊ ट्रामा सेंटर अस्पताल में वेंटिलेटर पर जीवन मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कछियनपुरवा गांव निवासी राजकुमार की 33 वर्षीय पत्नी वर्षा देर शाम घर में खाना बना रही थी। इसी बीच गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई।आग की लपटों के बीच घिरी वर्षा की चीख पुकार सुन उसका पति उसे बचाने पहुंचा, लेकिन वह भी बचाने में नाकाम रहा और महिला बुरी तरह आग में झुलस गई। परिजन आनन फानन में बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी जवाब हो गया जिसके बाद महिला को लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

## पति-पत्नी के 15 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

उन्नाव।सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया।परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया।तदोपरान्त महिला थाना से 08, थाना गंगाघाट, थाना हसनगंज, थाना सफीपुर, थाना सोहरामऊ, थाना मांखी, थाना अचलगंज व रिपोटिंग पुलिस चौकी बीघापुर महिला थाना से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति, महिला उप निरीक्षक भागीरथी महिला उप निरीक्षक विजेता चौधरी, मंजू देवी, शीलू पाल, उपासना, इंदू यादव, राधिका यादव, भावना शर्मा, तरुण निक्की चौहान, पूजा यादव व राखी का विशेष योगदान रहा।

## चिंतन

# उकसावे की हरकतों से बाज आए चीन

चीन को उकसावे वाली हरकतों से बाज आना चाहिए। एक तरफ रिश्तों में घुली कड़वाहट कम करने की कोशिश और दूसरी तरफ भारतीय क्षेत्र को अपने नक्शे में दिखा कर उकसावे वाली हरकत चीनी रणनीति को ही कंट्राडिक्ट करती हैं। आखिर चीन भारत से चाहता क्या है? ट्रेड या तनाव? यह चीन को स्पष्ट करना पड़ेगा। वह भारत से अपने रिश्ते सुधारना चाहता है और ट्रेड को सामान्य करना चाहता है या फिर भारत के साथ सीमाई तनाव बरकरार रखना चाहता है। दोनों एक साथ नहीं चल सकते। चीन भारत के लिए कभी भरोसेमंद नहीं रहा है, पंचशील समझौते के वक्त से ही। 1962 में पीठ में छुरा घोंपा। उसके बाद भी 1967, 1975, 1987, 2017, 2020, 2022 में चीन सीमा पर विवाद खड़े किए। लेकिन भूराजनीतिक स्थिति के चलते जब जब भरोसे की स्थिति बनती है, चीन अपना रंग दिखा ही देता है। वह जता देता है कि वह भरोसे के लायक नहीं है। अभी शंघाई सहयोग संगठन व ब्रिक्स की शिखर बैठक के दौरान चीन का भारत के प्रति सहयोगात्मक रवैया रहा, गलवान की घटना के बाद जमी बर्फ पिघलती प्रतीत हुई, लेकिन सप्ताह भी नहीं बीता कि चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चिन, स्वतंत्र सामुद्रिक क्षेत्र दक्षिण चीन सागर और स्वतंत्र देश ताइवान के क्षेत्र को अपने नए नक्शे में दिखा दिया है। चीन पहले भी दो बार अरुणाचल के कुछ क्षेत्र को अपने नक्शे में दिखाया है व उसके चीनी नामकरण किया है। चीन एक संप्रभु व जिम्मेदार राष्ट्र है, ऐसे में नक्शे में दूसरे संप्रभु देश के क्षेत्र को अपना कह कर चिन्हित करना अनायास या क्लर्कियल भूल नहीं है। चीन ने जानबूझ कर अपना नया नक्शा उस वक्त जारी किया है, जब भारत में विकसित व विकासशील देशों के संगठन जी-20 का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है, भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। इस सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति खुद शिरकत करने आ रहे हैं। चीन खुद जी-20 के प्रमुख सदस्य हैं। ऐसे में चीन की मंशा जी-20 शिखर सम्मेलन का जायका खराब करने की लगती है। एससीओ, ब्रिक्स बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अनौपचारिक द्विपक्षीय मुलाकात हुई है, इसे भारत व चीन के बीच तनाव कम करने की कवायद मानी गई। पिछले एक साल से चीन भारत से रिश्ते सुधारने की पहल कर रहा है। इसी के तहत आखिरी वक्त में जैश के सरगना मसूद अजहर को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किए जाने में अड़ंगा नहीं लगाना, चीनी विदेश मंत्री का भारत दौरा करना आदि शामिल हैं। गलवान की घटना के बाद से भारत ने चीन के साथ अपने ट्रेड की समीक्षा की और वहां से आयात को सीमित किया। भारत धीरे धीरे चीनी आयात को कम से कमतर कर रहा है। डोकलाम के वक्त भी चीन की चालबाजी नहीं चली थी। गलवान के बाद भी चीन ने उत्तराखंड व अरुणाचल में सीमा पर नए विवाद को जन्म देने की कोशिश की, जिसे भारत ने विफल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद एक बयान में चीन को साफ संदेश दिया कि एलएसी के सम्मान के बिना भारत व चीन के रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। मैकमोहन रेखा एलएसी का आधार है। चीन इसका सम्मान नहीं करता है और अपने हिसाब से इसे एकतरफा परिभाषित करता है। भारत का साफ संदेश है कि चीन एलएसी का सम्मान करे, सीमा विवाद को शांति से सुलझाए और सीमा पर गफलत पैदा कर भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण ना करे। चीन ने तिब्बत, मकाऊ, शिनझियांग आदि क्षेत्र को धोखे से अपने क्षेत्र में मिलाया है, यह अंतरराष्ट्रीय संधियों के खिलाफ है। चीन के अवैध कब्जे में भारतीय क्षेत्र अक्साई चिन अभी भी है, वह भारतीय क्षेत्र पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान में सीपेक का अवैध रूप से निर्माण कर रहा है। दक्षिण चीन सागर पर भी दावा करना अंतरराष्ट्रीय सागर नियमों के खिलाफ है। चीन दूसरे मुल्कों की संप्रभुता का सम्मान करना सीखें, अंतरराष्ट्रीय संधियों व नियमों का पालन करे और सीमा पर अतिक्रमण के बहाने दूसरे देश के क्षेत्र को अपने में मिलाने की कुटिल कवायद बंद करे। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। नक्शे जैसी हरकतों से भौगोलिक सत्य नहीं बदल जाएगा। चीन का दावा ही बेतुका है। चीन को अपने इतिहास में झांकना चाहिए। समय आ गया है, जब भारत को अपने अक्साई चिन व पीओके क्षेत्रों से चीनी व पाकिस्तानी अवैध कब्जे को हटाने के लिए कूटनीतिक व सामरिक प्रयास तेज करना चाहिए। सीमा पर किसी भी घुसपैठ व अतिक्रमण के प्रति भारत को जीरो टॉलरेंस बरतना चाहिए। अंतराष्ट्रीय मंचों पर चीनी हरकतों को रणनीतिक तौर पर उजागर करते रहने की जरूरत है। भारत को नीतिगत स्तर पर आक्रामक होना ही होगा। चीनी चालबाजियों का मुंहतोड़ जवाब जरूरी है।

## संस्कृत दिवस

डॉ. शंकरलाल शास्त्री



# निर्मल ज्ञान रूपी गंगा की प्रतीक देववाणी संस्कृत

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः का अमर संदेश देने वाली सरस, सुबोध और लालित्य से परिपूर्ण सब भाषाओं की जननी होने का गौरव रखने वाली अमृतवार्ण त भाषा युगों- युगों से हमारा पथ प्रदर्शन करते आ रही है। जीवन में उलझी गुत्थियों को सुलझाने का नायाब रहस्य संस्कृत भाषा में छिपा है। प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा के दिन संस्कृत दिवस मनाने का तात्पर्य है। हमारे ऋषियों-महर्षियों का स्मरण कर हम सब' यद्यदाचरति श्रेष्ठः ततः देवेत्तरो जनः' याने श्रेष्ठ जन जैसा आचरण करें और सामान्य जन उसका अनुवर्तन करता रहे। हमारे ऋषियों के अद्भुत दुर्लभ महनीय ज्ञान को हम आत्मसात कर चरैवेति चरैवेति का शंखनाद करते हुए सुपथ की ओर बढ़ें। इस दिन रक्षाबंधन का तात्पर्य भाई की सलामती के लिए ये धागे उनकी रक्षा के सूत्र हैं। वेदों में देश और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए ऐसी खूबसूरत ऋचाओं का अद्भुत भंडार है। प्राचीन काल में इस दिन गुरुकुल में शिष्य अपना अध्ययन आरंभ कर विद्या प्राप्ति हेतु तत्पर होते थे और वेद पाठ जैसे कार्यों में प्रवृत्त होते थे। किंतु आज संस्कृत के प्रति छात्रों का दिनों-दिन गिरता ग्राफ चिंता की लकीरें बढ़ा रहा है।आज जिस भाषा में सदियों का ज्ञान समाहित है ।उस ज्ञान का आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। यद्यपि देश के बहुत से संस्थान इस भाषा के संरक्षण और संवर्धन में लगे हैं। वहीं एक सीमित वर्ग तक इसका दायरा होने के कारण अपनों से अपनों को उपकृत करने की परंपरा भी है। प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा संस्कृत दिवस विशेष पर दिए जाने वाले सम्मान प्रभाव और राजनीति की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण राजस्थान है। चाहे हम कितनी रचनाएं रचकर आखों की दृष्टि धूमिल कर डालें। जोड़-तोड़ है तो सम्मान पक्का समझिएगा। और नहीं तो जीवन भर लीक पीटते रहिए। कुछ भी लिखकर अगर राजनीतिक गलियारों में अनुकूलता है तो सम्मान पाकर जीवन भर कलम घिसने वालों को ठेंगा दिखाकर चलते हैं। इसलिए शिक्षा व साहित्य जैसे महकमों में तो कम से कम बचना चाहिए। क्यों न सरकार बजाय राजनीति के सेवानिवृत्त या सेवारत माननीय न्यायाधीशों की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी निर्णय किया पुरस्कृत करवाया जाना चाहिए। वैदिक वांग्मय में क्रमशः ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद व अथर्ववेद तथा उपनिषद हैं। इसी प्रकार वाल्मीकि कृत रामायण जैसे लौकिक संस्कृत में रचा गया एक प्रेरणास्पद आदर्श महा ग्रंथ है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम व मां सीता के जीवन चरित्र से हमें परोपकार, नम्रता, सौजन्य व उदारता जैसे महनीय गुणों की सीख मिलती है। प्रकृति के चितेरे चित्रकार महाकवि कालिदास ने अपनी अभिज्ञान शाकुंतलम जैसी अमर कृति में शकुंतला को एक प्रकृति कन्या के रूप उपस्थापित किया है। यहां शकुन्तला के माध्यम से प्रकृति का संदेश दिया है। हर पिता को अपनी लाडली बिटिया की विदाई के समय शकुंतला को दिया महर्षि कण्व का उपदेश आज की नवोढाओं के लिए जीवन मंत्र है जो आज के बिखरते मानवीय रिश्तों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसी प्रकार का भास के प्रतिमा नाटक व भवभूति के उत्तर रामचरित नाटक में श्री राम के चरित्र को चित्रित करते हुए करुण रस की अजस्र मंदाकिनी प्रवाहित की है साथ ही श्रीराम के गुणों का वर्णन भी किया है जो आज की पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। बौद्ध धर्म की प्रमुख कथाओं को गूंथता महावस्तु जैसा समृद्ध साहित्य तथा जैन धर्म के ग्रंथों में जीवन जीने के नायाब रहस्य छिपे हैं ये सब संस्कृत में देखने को मिलते हैं। संस्कृत को हम केवल पूजा पाठ की भाषा तक सीमित रखते हैं। यह उचित नहीं है।

# दो घटनाओं पर अलग व्यवहार



**छात्रों का मामला**
अवधेश कुमार

पिछले दिनों देश के दो विद्यालय छात्रों की पिटाई का मामला सुर्खियों में है। मुजफ्फरनगर में मंसूरपुर के स्कूल में शिक्षिका ने एक छात्र को गिनती नहीं सुनाने पर दूसरे विद्यार्थियों से थप्पड़ लगवाए। इसे इस तरह बनाया गया मानो शिक्षिका ने जानबूझकर एक मुस्लिम बच्चों को हिंदू बच्चों से पिटवाया और इसके पीछे सांप्रदायिक भाव था। इस घटना के अगले ही दिन कठुआ के एक स्कूल में एक हिंदू छात्र की मुस्लिम शिक्षक द्वारा पिटाई की गई। कक्षा 10 के उस छात्र ने ब्लैक बोर्ड पर जय श्रीराम लिख दिया था। मुजफ्फरनगर की घटना पर हाय-तौबा मचाने वाले समूह ने कठुआ की घटना को संज्ञान लेने लायक भी नहीं समझा। इस तरह दो घटनाओं पर अलग व्यवहार क्यों?

हमारे सामने देश के दो अलग-अलग क्षेत्रों में दो विद्यालय छात्रों की पिटाई का मामला सुर्खियों में है। दोनों में पुलिस कार्रवाई जारी है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में मंसूरपुर के नेहा पब्लिक स्कूल में 24 अगस्त की घटना पर पूरे देश में तूफान खड़ा हो गया। घटना केवल इतनी है कि शिक्षिका ने एक छात्र को गिनती नहीं सुनाने तथा होमवर्क नहीं करने पर दूसरे विद्यार्थियों से थप्पड़ लगवाए। इसे इस तरह बनाया गया मानो शिक्षिका ने जानबूझकर एक मुस्लिम बच्चों को हिंदू बच्चों से पिटवाया और इसके पीछे सांप्रदायिक भाव था। उस कक्षा में कुल 60 बच्चे हैं जिसमें 40 मुस्लिम हैं। छात्र को थप्पड़ मारने वाले चार में से दो बच्चे एक छात्र और एक छात्रा मुस्लिम है। उस छात्र का चाचा वही था और उसने मोबाइल से वीडियो बना लिया। इसे यह कहते हुए प्रसारित किया गया कि हिंदू छात्रों से मुस्लिम छात्र को पिटवाया जा रहा है तथा शिक्षिका द्वारा मुस्लिम वर्ग के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही है। दुख का विषय कि छात्र का परिवार और शिक्षिका के बीच लोगों ने समझौता करा दिया, छात्रों में मेल-मिलाप कराया,लेकिन तूफान न रुका। संबंधित शिक्षिका विकलांग है और उसने कहा कि वह स्वयं पिटाई नहीं कर सकती थी। हालांकि उसने बाद में स्वीकार किया कि बच्चे की पिटाई करना गलत था।

तो सामान्य घटना को तिल का ताड़ बनाकर ऐसे पेश किया गया मानो उत्तर प्रदेश की सरकार के कारण हो रहा है। इसके एक दिन बाद 25 अगस्त को जम्मू के कठुआ जिले के बानी क्षेत्र के एक स्कूल में एक हिंदू छात्र की मुस्लिम शिक्षक और प्रधानाध्यापक द्वारा पिटाई की गई। कक्षा 10 के उस छात्र ने ब्लैक बोर्ड पर जय श्रीराम लिख दिया था। प्राथमिकी के अनुसार शिक्षक शाहरुख जैसे ही कक्षा में घुसा उसने ब्लैक बोर्ड पर जय श्रीराम देखा और आगबबूला होते हुए संबंधित छात्र को बुरी तरह मारते हुए बाहर ले गया। बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसे प्रिंसिपल के कक्ष में ले गया और दोनों ने बंद कर उसकी और पिटाई की। बच्चे की हालत खराब हो गई, लेकिन उन्होंने धमकी दी कि अगर अगली बार तुमने ऐसा किया तो जान से मार देंगे। प्रिंसिपल और शिक्षक ने एक कर्मचारी को भेजकर बोर्ड को पानी से धुलवाया। छात्र की हालत खराब होने के बाद उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद स्वाभाविक ही लोगों में गुस्सा पैदा हुआ और वे सड़कों पर उतरकर विरोध करने लगे। दोनों पर प्राथमिकी दर्ज हो गई है। दोनों घटनाओं को देखिए और प्रतिक्रियाओं पर नजर दौड़ाइए। मुजफ्फरनगर की घटना पर हाय-तौबा मचाने वाले समूह ने कठुआ की घटना को संज्ञान लेने लायक भी नहीं समझा। राष्ट्रीय मीडिया और सोशल मीडिया में मुजफ्फरनगर पर तूफान उठाने वाले सामने नहीं है। यही दोहरा आचरण आम भारतीयों के अंदर गुस्सा पैदा करता है। कठुआ की घटना प्रमाणित है जबकि मुजफ्फरनगर घटना में शिक्षिका तृप्ति त्यागी के बारे में झूठ प्रचारित हुआ। वीडियो बनाने वाले लड़के के चाचा नदीम ने कहा है कि शिक्षिका ने मजहब विशेष के बारे में कुछ नहीं कहा, बल्कि यह कहा कि मुस्लिम



महिलाएं मायके चली जाती हैं, बच्चे की पढ़ाई पर ध्यान नहीं देतीं। वीडियो बनाने वाला कह रहा है कि गलत अर्थ निकालकर प्रसारित किया जा रहा है। आरोपित शिक्षिका भी कह रही है कि उसकी बात का गलत अर्थ निकाला गया है, उसने केवल पढ़ाई के लिए सख्ती की, लेकिन राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, अखिलेश यादव, जयंत चौधरी, असदुद्दीन ओवैसी सहित अनेक नेता कूद पड़े हैं और एक शिक्षिका और छात्र का मामला मुस्लिम छात्र के विरुद्ध हिंदू शिक्षिका की सांप्रदायिक घृणा का मामला बना दिया गया। दूसरी ओर जो वाकई मजहबी घृणा का मामला है उस पर इनमें किसी का बयान नहीं आया है। प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने को शिक्षक-शिक्षिकाएं डांटते हैं, पिटाई करते हैं, कान पकड़ कर उठक-बैठक कराते हैं या कई बार उसके सहपाठियों से भी दंड दिलवाते हैं। कानूनी रूप से यह गलत हो, पर सामान्य व्यवहार है और बच्चों के हित में किया जाता है। मुजफ्फरनगर की घटना को सामान्य माना जाना चाहिए था, किंतु भारत में एक ट्रेन सीट को लेकर हुई हिंसा मजहबी भीड़ की हिंसा बन जाती है। दूसरी और शुद्ध मजहबी नफरत की घटना के साथ सामान्य अपराध मानकर व्यवहार किया जाता है। मुजफ्फरनगर की घटना का सच स्थानीय लोगों को पता चला। इस कारण लोगों ने विरोध प्रदर्शन नहीं किया। बच्चे के अभिभावक और शिक्षिका के बीच बातचीत हुई। सबको सच्चाई समझ में आ गई। इसके बावजूद कोई नेता, एक्टिविस्ट, बड़े पत्रकार गलती स्वीकारने को तैयार नहीं है। यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। बड़े नेता और नामचीन लोग ही बगैर सच्चाई का पता लगाए सरकार के विरुद्ध तिल का ताड़ बना देंगे तो कभी भी देश में आग लग सकती है। जब तक सच सामने आएगा तब तक लोग अपना ही बहुत कुछ ध्वस्त कर चुके होंगे। यही लोग कठुआ पर न केवल चुप रहेंगे बल्कि पूछने पर कहेंगे कि पुलिस जांच कर रही है, उसे अपना काम करने देना चाहिए। इनसे पूछा जाना चाहिए कि यही बात मुजफ्फरनगर या ऐसी घटनाओं के संदर्भ में लागू क्यों नहीं होती? जिन्हें अपने छात्र-छात्राओं के भविष्य या शिक्षा व्यवस्था की चिंता होगी उनकी प्रतिक्रिया ऐसी नहीं हो सकती। वे हर ऐसी घटना पर ठंडे मन से विचार कर प्रतिक्रिया देंगे, कार्रवाई की मांग करेंगे तथा सुधार की कोशिश भी करेंगे। कठुआ के लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने केवल इन दो शिक्षकों के विरुद्ध ही कार्रवाई की मांग की। किसी ने आम मुसलमान या विद्यालय में काम करने वाले दूसरे मुसलमान शिक्षकों के विरुद्ध मामला नहीं बनाया। दूसरी ओर मुजफ्फरनगर की घटना को जैसा खतरनाक स्वरूप दिया गया उसमें यह आम लोगों की विवेकशीलता है कि हिंसा पर उतारू नहीं हुए अन्यथा उसका पूरा माहौल बनाने की कोशिश हो चुकी थी।

तो इन घटनाओं का निष्कर्ष क्या है? कठुआ की घटना सभी समुदाय के शिक्षकों के लिए सीख है कि वह जब विद्यालय में आएं तो उनके अंदर किसी मजहब को लेकर नफरत नहीं होनी चाहिए। विद्यालय से समाज का जुड़ाव तथा प्रशासनिक स्तर पर ऐसा ढांचा हो कि इन दो शिक्षकों की तरह कोई ऐसा करने का दुस्साहस न करे। एक शिक्षक से अत्यधिक आत्मानुशासन, आत्मसंयम और संतुलन की अपेक्षा की जाती है। भारतीय सभ्यता में शिक्षक को श्रेष्ठतम स्थान इसीलिए दिया गया है क्योंकि वह अपनी जीवन शैली से छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है। हमारे नेताओं, एक्टिविस्टों और मीडिया के भी लोगों को समझना चाहिए कि अपने राजनीतिक विचार के अनुसार इस तरह की घटनाओं पर प्रतिक्रिया देकर वे देश का अहित कर रहे हैं। जरा सोचिए, मुजफ्फरनगर की तृप्ति त्यागी के बाद क्या कोई शिक्षक-शिक्षिका किसी विद्यार्थी द्वारा होमवर्क न करने या पाठ को याद न करने पर दंड देने या दिलवाने का साहस करेगा? तो फिर नुकसान किसका होगा?

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित

**दर्शन**

**डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रः** अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं।

# हृदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### खेलेगा इंडिया तो आगे बढ़ेगा देश

हमारे देश में एक कहावत है कि पढ़ोगे–लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे–कूदोगे तो होंगे खराब। लेकिन आज बच्चों पर जिस तरह पढ़ाई का भार है और बच्चे जिस तरह मोबाइल, टीवी के मोह में फंसकर या कुछ लोग अपने बच्चों को मोबाइल और टीवी के जाल में फंसाकर बच्चों की सेहत के दुश्मन बन रहे हैं, उसके लिए जरूरी हो गया है कि बच्चों को खेल खेलने के लिए मैदान में भेजा जाए। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन–मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी जरूर भाग लेना चाहिए। हर वर्ष 29 अगस्त भारत में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। हमें बच्चों को खेल के मैदान में उतारने की शपथ लेनी चाहिए। – *विकास पाठक, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# उत्तर कोरिया पर आक्रमण की साजिश, सेना रहे तैयार

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना से 'देश पर आक्रमण होने की स्थिति में प्रतिद्वंद्वी देशों की साजिशों' को नाकाम करने के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किम का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरों से निपटने के लिए त्रिपक्षीय नौसैन्य अभ्यास किया। इसके अलावा, अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं पिछले सप्ताह से ग्रीष्मकालीन द्विपक्षीय अभ्यास कर रही हैं। कोरिया अमेरिका की संलिप्तता वाले इस प्रशिक्षण को



## ऑफ बीट

# झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार

कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ–साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी–सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है।



## ट्रेंड

### त्योहार का उपहार



घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम प्रति सिलेंडर 200 रुपये घटाकर प्रधानमंत्री ने रक्षाबंधन और ओणम के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों, विशेषकर माताओं-बहनों को बहुत बड़ा उपहार दिया है। इस निर्णय से उज्ज्वला लाभार्थियों की कुल सब्सिडी 200 से बढ़कर 400 रुपये हो जाएगी।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### परमाणु परीक्षण रोक का आह्वान



1945 के बाद से, 2,000 से अधिक परमाणु परीक्षणों ने लोगों को कष्ट पहुंचाया है, हवा में जहर घोला है। मैं सभी देशों से व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि को बिना किसी शर्त के अनुमोदित करने का आह्वान करता हूं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### हमेशा दिल्ली साफ़ रखें



पिछले कुछ हफ़्तों में दिल्ली के विधायकों, पार्षदों और सफ़ाई कर्मियों ने खूब मेहनत करके दिल्ली को चमका दिया है। ये सफ़ाई केवल जी-20 के लिए ही नहीं होनी चाहिए। अब हमें हमेशा दिल्ली को ऐसे ही साफ़ रखना है।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### गरीब विरोधी बीजेपी



बीजेपी का जन्म ही पिछड़ा विरोध में हुआ है। बीजेपी नहीं चाहती कि वंचित वर्गों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान हो। गरीबों के कल्याणार्थ हेतु बिहार सरकार द्वारा कोई सामाजिक सर्वे कराना गरीब विरोधी बीजेपी को अनुचित कैसे लगता है?

-लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

## संक्षेप

### खेतों से विद्युत मोटर चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**सिंचाई के अभाव में किसानों की सुख रही फसलें, चोरी के मोटर और देसी तमंचा बरामद**

मिल्कीपुर, थाना कुमारगंज अंतर्गत पुलिस चौकी चिलबिली क्षेत्र के गनेशपुर गांव निवासी अभिषेक सिंह व गांव के ही उदल के खेत में लगा विद्युत मोटर चोरी हो गया था। पीड़ित किसानों ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर क्षेत्र में सक्रिय चोरों की खोज में जुट गई थी। भोर में थाना कुमारगंज पुलिस को सूचना मिली कि किसानों के खेत से विद्युत मोटर चोरी करने वाले तीन युवक विद्युत मोटर कहीं ले जाने के फिराक में चौकी क्षेत्र के दुबे का पुरवा के पास चोरी किए गए मोटर के साथ मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस चौकी प्रभारी चिलबिली उमेश कुमार वर्मा कांस्टेबल जय प्रकाश बृजेश, अजय कुमार ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। पकड़े गए तीनों आरोपियों के पास से पुलिस ने चुराए गए विद्युत मोटर को बरामद किया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो संदीप कुमार के पास से 315 बोर देसी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जहां पर विधि कार्यवाही करने के बाद न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज संजीव सिंह ने बताया पुलिस टीम किसानों के खेतों से विद्युत की मोटर चोरी करने वाले संदीप यादव पुत्र प्रेम कुमार यादव, भुल्लर उर्फ सम्प्रीत यादव पत्र प्रेम कुमार यादव निवासी पूरे हजारी एन्जर व कल्लू उर्फ मोनू पुत्र धरमू उर्फ धर्मराज निवासी पूरे हजारी एन्जर थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर पुलिस टीम ने चोरी के समान व अदद देसी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया।

### अम्बेडकरनगर में पुरानी पेंशन की मांग लेकर अटेवा-संगठन का प्रदर्शन

**संगठन ने सांसद रितेश पांडेय और श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा को दिया ज्ञापन**

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा संगठन के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के लोगों ने सांसद के द्वार घन्टी बजाओ अभियान के तहत सांसद रितेश पांडेय एवं श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा के आवास पर जाकर उन्हें ज्ञापन दिया और पुरानी पेंशन बहाल करवाने की मांग किया। अटेवा संगठन के जिला संयोजक रामराम बली त्रिशरण ने कहाकि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के बुढापे की लाठी है, लेकिन सरकार ने इसे खत्म कर कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी को छीनने का काम किया है औ ? नई पेंशन को लागू किया है, जो कर्मचारियों के हित में नही है। उन्होंने कहाकि अटेवा द्वारा आज पूरे प्रदेश में सांसद के द्वार घण्टी बजाओ अभियान चल रहा है, जिसके तहत आज अटेवा द्वारा अम्बेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय एवं श्रावस्ती के सांसद शिरोमणि वर्मा के आवास पर जाकर उन्हें ज्ञापन दिया गया और मांग किया गया कि पुरानी पेंशन बहाल कराया जाए।

# मांगो के समर्थन में उग्र हुए जिले के शिक्षामित्र, सांसद बहराइच को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालयों में पिछले लगभग 20 वर्षों से गांव के गरीब,शोषित ,वंचित, पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजातियों के बच्चों को अनवरत गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करते चले आ रहे हैं। लगभग 1.15 लाख शिक्षामित्र आज अपने बच्चों के पढ़ाई लिखाई परिवार के परिवारिस,दवाई ,बच्चों की शादी विवाह,आदि को लेकर तनाव ग्रस्त रहते हैं।उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्रो की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो चुकी है। हर संभव प्रयास करने के बाद भी उनकी आर्थिक स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जिसके कारण शिक्षामित्रो के परिवार में प्रत्येक दिन अवस्तन दो से तीन लोगों की असामयिक मृत्यु होती चली आ रही है,जो की अत्यंत ही कष्टमय व पीड़ादायक है। इसी के क्रम में अपनी जायज मांगों के समर्थन में जनपद बहराइच के सैकड़ो शिक्षामित्रों ने आज रविवार को कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच एकत्र होकर बैठक किया और वहीं से तिरंगा यात्रा रैली निकालते हुए सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गौड़ के आवास पर पहुंच गए और धरना प्रदर्शन करने लगे, जिस पर सांसद ने शिक्षामित्र से ज्ञापन लेकर के भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर शिक्षामित्र की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। शिक्षामित्रो के मांगों में नियमावली में संशोधन कर शिक्षामित्र की योग्यता पूर्ण कराकर पुनः समायोजित शिक्षक बनाया जाए। समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक 12 माह का मानदेय व 62 वर्ष की सेवा सुरक्षित किया जाए। नई शिक्षा नीति में शिक्षामित्र को सम्मिलित कर इनका भविष्य सुरक्षित किया जाए। मृतक शिक्षा मित्रों के जीवकोपार्जन हेतु परिवार से किसी एक को नियुक्ति प्रदान की जाए।शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षामित्र को नियमों में शिथिलता प्रदान हुए सहायक अध्यापक के पद पर नियमित किया जाए। मूल विद्यालय में वापसी से वंचित शिक्षामित्रो को पुनः एक अवसर प्रदान करते हुए मूल विद्यालय में वापस किया जाए। एवं महिला शिक्षामित्र का विवाहोपरांत उनके ससुराल के जनपद के विद्यालय में स्थानांतरित किया जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिव श्याम मिश्र, अनवारुल रहमान, गिरीश चंद्र जायसवाल, सुरेश कुमार यादव, राजित राम निषाद, अवधेश कुमार वर्मा, तृप्ति सिंह, दिनेश कुमार यादव, अर्चना चौहान, सुनील कुमार, सहित सैकड़ो शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# हर छोटी बड़ी घटनाओं पर प्रशासन की नजर: एसडीएम



**अफवाह फैलाने वाले लोगों पर होगी कार्रवाई: एसडीएम**

**आपसी भाईचारे के साथ मनाए त्यौहार: एसएचओ**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।आगामी त्योहार गणेश चतुर्थी, जन्माष्टमी, कजरी तीज एवं, चेहल्लुम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों से आगामी त्योहारों में शांति तथा सौहार्द कायम रखने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम पंकज दिक्षित ने कहा कि त्यौहारो के अवसर पर अगर कोई माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कर्रवाई की जाएगी। त्योहारों को लेकर प्रशासन चौकन्ना है हर छोटी बड़ी घटनाओं पर प्रशासन की नजर है। एसओ मुकेश कुमार सिंह ने त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। मूर्ति रखने वाले कमेटी के पदाधिकारियों से आग्रह किया गया कि सभी नियमानुसार प्रतिमा स्थापित करें।चेहल्लुम जुलूस समय से समाप्त कर दें।एसओ ने कहा कि फर्जी अफवाहों पर ध्यान ना दें अफवाह फैलाने वाले ध्यान रखें और उनकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।कुंडास पारा के लोंगों ने रास्ते पर जलभराव की समस्या उठाया, हैबतपुर मे रास्ते के विवाद सामने आया।थानाध्यक्ष ने शिकायतों को जल्द निस्तारण के आश्वासन दिया। इस मौके पर उपनिरीक्षक विंदेश्वरी यादव, शैलेन्द्र यादव, नरसिंह, पेशकार यादव, मूल चंद्र उपाध्याय, ज्ञान चंद्र वर्मा, सलीम, ललित पाठक, रफीक अंसारी, रईश खा रघुराज कमलेश वर्मा, ज्ञानदर सिंह, सुनील मिश्र मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री वन धन योजना के तहत आयोजित हुआ प्रशिक्षण



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में चलाई जा रही प्रधानमंत्री वन धन योजना के तहत चयनित गांव में संचालित केंद्र अंबा कारीकोट सोहनी बलई गांव के 45 समूह का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि संजय पाठक रहे जीएम उत्पादन उत्तर प्रदेश वन निगम द्वारा उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभागीय वन अधिकारी कतर्नियाघाट आकाशदीप बधावन, प्रबंधक रविंद्र नाथ सिंह, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी रक्षपाल सिंह, निखिल लोथे, डॉक्टर अजय सीएस आई आईसीआई सी मैप, आशीर्वाद वेलफेयर सोसाइटी से मास्टर ट्रेनर देशराज, इंदू करासी अध्यक्ष जीजीविशा सोसाइटी प्रेम लाल रिग्याल शिल्पकार मनसुसा रुद्रप्रयाग उत्तराखण्ड अनूप तिवारी वन धन केन्द्र प्रभारी रेनकुट, प्रभारी इको टूरिज्म कतर्निया घाट नरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप शर्मा कबीर दास सहित काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। ट्रेनरों ने गांव के 45 समूहों को प्रशिक्षण दिया।

# अमेठी में प्रधानपति के हत्यारे पर प्रसाशन ने कसा शिकंजा

**आरोपी के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, पूरा गांव छावनी में तब्दील**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी में कल हुए प्रधानपति की हत्या के मामले में प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवा दिया। भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में आरोपी राजू फकीर के अवैध निर्माण को बुलडोजर से जमीदोंज कर दिया गया। वहीं तनाव को लेकर गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। मृतक प्रधानपति का शव भी गांव पहुंच गया, जिसका दोपदर बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। दरअसल, ये पूरा मामला इन्हौना थाना क्षेत्र के करनगांव गांव का है। जहां कल दो पक्षों मे हो रहे दरवाजा लगाने के विवाद में समझौता कराने गए प्रधानपति मो. रिजवान पर एक पक्ष के राजू फकीर ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंगों के हमले में प्रधानपति मो रिजवान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका ड्राइवर रामधनी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रिफर किया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा है।

आज सुबह भारी संख्या मौके पर पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे बुलडोजर ने आरोपी के अवैध निर्माण को गिरा दिया। आरोपी राजू फकीर ने तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण किया था। इस दौरान तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।

# देश के वीर जवानों की शहादत को समर्पित है मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम: ब्लॉक प्रमुख

**मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर बनाई अलग पहचान**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। रविवार को ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह के बाबागंज स्थित कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सामूहिक रूप से प्रत्येक गावों में जाकर सभी कार्यकताओं से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही गई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी और वीर जवानों को याद करके हम उन्हें प्रणाम करते हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर अलग पहचान बनाई है।नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर वैश्य ने कहा कि हमें पूरी तन्मयता से इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाना है। बैठक में मण्डल अध्यक्ष अजय मिश्रा, विजय तिवारी, भीमसेन



मिश्रा, रतन अग्रवाल, ललित त्रिपाठी, शिवराज सिंह, अरविंद शुक्ला, दिनेश त्रिपाठी सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुलतानपुर में किसान की बेटी बनी सिविल जज

**जान्हवी वर्मा को पीसीएसजे की परीक्षा में मिला पांचवा स्थान, सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर थी तैनात**

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, सुल्तानपुर में किसान की बेटी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जू.डि.) परीक्षा-2022 के परिणाम में नगर के बघराजपुर निवासी जान्हवी वर्मा को प्रदेश में पांचवा स्थान मिला है। उसने महर्षि विद्या मंदिर योगीवीर से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पंचवर्षीय एलएलबी में प्रवेश लिया था। वर्ष 2020 में जान्हवी ने एलएलबी की परीक्षा में भी टॉप किया था। बता दें कि जान्हवी की मां शीला वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर में सुपरवाइजर पद से सेवानिवृत हुई हैं। वो रामगंज कस्बे में पली-बढ़ी।जान्हवी का 20 जून 2023 को घोषित लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा में सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर चयन हुआ। इस परीक्षा में प्रदेश में उसने छठा स्थान प्राप्त किया था।किसान परिवार में जन्मी जान्हवी दोस्तपुर ब्लॉक की खालिसपुर दुर्गा गांव की मूल निवासी है। जान्हवी के पिता जगदीश वर्मा खेती व किसानी का कार्य करते हैं। पूर्व में वह अपने गांव के प्रधान भी रहे हैं। जान्हवी को अपने बड़े भाई आलोक वर्मा से सफलता की प्रेरणा मिली है। आलोक वर्तमान में बाराबंकी के फतेपुर ब्लॉक में खण्ड विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं। जान्हवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता को दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी बेहतर परवरिश के कारण ही आज उनके भाई व उन्हें सफलता मिली है।

# ग्राइंडर मशीन से गला रेतकर युवक ने किया सुसाइड

**सुसाइड नोट में सलियों पर लगाया पत्नी को भड़काने का आरोप, लिखा- हमारे बीच झगड़ा कराती थीं**

अमन लेखनी समाचार




राठ, हमीरपुर में एक युवक ने अपने घर में ग्राइंडर मशीन से गला रेतकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद जब परिजनों ने युवक का शव लहूलुहान हालत में देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वहीं मृतक युवक ने अपनी मौत के 1 दिन पूर्व मुस्करा थाना प्रभारी के नाम पत्र लिखकर खुद की जान को खतरा बताते हुए तथा अपनी सालियों पर पत्नी को भड़काने एवं उसे मायके भेजने का भी आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, राठ क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत तगारी गांव का निवासी 39 वर्षीय कमलेश गुप्ता पुत्र रामकिशन गुप्ता ने अपने घर में ग्राइंडर मशीन से अपना गला रेतकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक कमलेश महोबा जनपद के कबरई कस्बे में टायर पंचर की दुकान संचालित कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया कि मृतक की पत्नी सन्तोषी गुप्ता बीते करीब डेढ़ माह पूर्व अपने मायके रॉबर्ट गंज जनपद सोनभद्र चली गई थी। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। परिजनों ने बताया कि मृतक कमलेश गुप्ता के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जो कि मुस्करा थाना प्रभारी के नाम लिखा गया है। जिसमें मृतक कमलेश गुप्ता ने अपनी दोनों सालियों पूजा पत्नी मनोज व चंदा पत्नी लाला कछार भरुआ सुमेरपुर पर पत्नी संतोषी को भड़काने व उन दोनों पति पत्नी में झगड़ा कराने तथा उसे धमकाने का आरोप लगाया गया है। परिजनों ने बताया कि मृतक कमलेश गुप्ता के चार बच्चे हैं जिसमें 15 वर्षीय पुत्री नंदिनी, 13 वर्षीय पुत्री मोहिनी, 10 वर्षीय पुत्र इंद्रजीत के अलावा 9 वर्षीय पुत्र गौरव है। वहीं अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के भाई राकेश गुप्ता सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मामले में मुस्करा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले में वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# रिटायर्ड फौजी की संदिग्ध हालात में मौत

**यूपीडा में करते थे काम, 10-15 दिनों से नहीं जा रहे थे ड्यूटी**

अमन लेखनी समाचार



राठ, हमीरपुर जनपद में राठ कस्बे के पठानपुरा इलाके में यूपीडा में कार्यरत एवं रिटायर्ड फौजी की घर में सोते समय अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक रिटायर्ड फौजी के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। राठ क्षेत्र के बिहूनी गांव के मूल निवासी 51 वर्षीय लाखन सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह आर्मी से रिटायर्ड होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की कार्यदायी संस्था यूपीडा में कार्यरत थे। लाखन सिंह की अपने घर में सोते समय संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि लाखन सिंह घूम फिर कर आए और अपने कमरे में जाकर सो गए। बताया कि जब उसका पुत्र अमन अपने पिता लाखन सिंह को जगाने के लिए पहुंचा तो उनके ना उठने पर उसने घर के अन्य परिजनों को बुलाया। जिसके बाद सभी लोग लाखन सिंह को राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि लखन सिंह लगभग 10 15 दिनों से ड्यूटी पर नहीं जा रहे थे। मृतक की पत्नी प्रभा के अलावा इकलौते पुत्र अमन का रो-रो कर बुरा हाल है। मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अयोध्या में वकीलों ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद और हापुड़ की घटना के विरोध में की नारेबाजी, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग**



अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, हापुड़ और गाजियाबाद में वकीलों पर हुए हमले को लेकर अयोध्या में वकीलों ने प्रदर्शन किया। शुक्रवार को वकील नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रट पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी नितीश कुमार को दिया। वकीलों ने चार दिन के अंदर कार्रवाई की मांग की। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर फैजाबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने कचहरी परिसर में प्रदर्शन किया। वकीलों ने प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए एक्ट का लागू करने, हापुड़ में चोटिल अधिकवक्ताओं को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा देने, पुलिस और प्रशासन के दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, एसआईटी जांच टीम में बार काउंसिल के सदस्य और अध्यक्ष को शामिल करने करने के साथ गाजियाबाद में अधिवक्ता की चैंबर में घुसकर हत्या के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। फैजाबाद बार एसोसिएशन के महामंत्री सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि सरकार यदि चार दिनों में मांगों को पूरा नहीं करती है तो पूरे प्रदेश में प्रदर्शन होगा। साथ ही अयोध्या में कलेक्ट्रट कार्यालय से चौक तक पांच सितंबर को प्रदर्शन होगा।

# समिति कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया मनोज श्रीवास्तव का जन्मदिवस

**सुख दु:ख में घड़ी में समिति सदस्य मानव सेवा के लिए समर्पित: डॉ. संदीप**

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव



**झांसी।** संघर्ष सेवा समिति सदैव प्राणियों में आपसी प्रेम एवं जुड़ाव के सार को समाहित करता है, प्रत्येक धार्मिक अनुष्ठानों एवं त्योहारों एवं आयोजनों पर संघर्ष सेवा समिति एवं समिति सदस्यों का विशेष योगदान रहता है। इसी क्रम में संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर डॉ्ङ संदीप सरावगी के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया प्रिय छोटे भाई मनोज श्रीवास्तव का जन्म दिवस। सर्वप्रथम संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर डॉ्ङ संदीप सरावगी एवं समिति सदस्यों ने मनोज श्रीवास्तव का माल्यार्पण स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात डॉ्ङ संदीप सरावगी ने छोटे भाई मनोज कुशवाहा का तिलक किया। समिति सदस्यों की उपस्थिति में मनोज श्रीवास्तव ने केक काटकर धूमधाम से मनाया अपना जन्म दिवस। डॉ्ङ संदीप सरावगी ने प्रिय अनुज मनोज श्रीवास्तव को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रीराम और भरत का भातृ प्रेम जग विख्यात है जो भाई का भाई के प्रति प्रेम, त्याग और आदर भावना का आदर्श उदाहरण है संघर्ष सेवा समिति परिवार की तरह है। परिवार में समिति सदस्य आपसी स्नेह, प्रेम एवं परस्पर सहयोग से कार्य करते हैं सुख- दुख की घड़ी में समिति सदस्य सदैव निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा के लिए समर्पित रहते हैं। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से बसंत गुप्ता, राजू सेन, राकेश अहिरवार, सुशांत गेंडा, वरिष्ठ अधिवक्ता अंसार हुसैन, संदीप नामदेव, महेंद्र रायकवार, मुन्ना लाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संक्षेप

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के लोगों ने सांसद बांसगांव को ज्ञापन दिया



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद गोरखपुर के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार भारती जी के अगुआई में सांसद कमलेश पासवान जी के माध्यम से विभागीय सेवा नियमावली बनायी जाये। पदोन्नत किया जाय एवं बायोमेट्रिक हाजिरी के खिलाफ उनके आवास पर ज्ञापन दे कर माननीय मुख्यमंत्री जी को दिया गया मौके पर जिला संरक्षक दिलीप गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राम मिलन पासवान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शम्भू नाथ गौड़, जिला कार्यकारणी अध्यक्ष मोलई प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार,जिला संयुक्त मंत्री शशि श्याम सरोज, ब्लॉक अध्यक्ष खोराबार जय गोविंद, ब्लॉक महामंत्री राजेश पासवान ,अमरदीप चंद प्रजापति राजकमल पासवान अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सोनीपत में नहर में बहा युवक

सोनीपत, हरियाणा के सोनीपत में नहर पर नहाने गया युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। युवक के डूबने की सूचना के बाद पुलिस, गोताखोर व परिजन मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू की। पांच घंटे बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया था। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी अनुसार यूपी के बागपत के गांव बिनौली निवासी रविंद्र का बेटा विशाल (18) गुरुवार दोपहर को साथियों के साथ नहाने के लिए खरखौदा में नंदीशाला के पास एनसीआर वाटर चैनल नहर पर गया था। उसने नहर में छलांग लगाई तो पानी के साथ ही बह गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसको बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर में ही वह पानी के अंदर चला गया।

## 235 दिन बाद पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी जेल से रिहा

मेरठ, बसपा सरकार में मंत्री रहे मीट माफिया हाजी याकूब कुरैशी को सोनभद्र जेल से रिहाई मिल गई है। याकूब को गैंगस्टर और अदालत की अवमानना मुकदमे में जमानत मिली है। पूरे 235 दिन बाद याकूब को जेल से रिहाई मिली है। जेल से रिहा होने के बाद मेरठ में सब याकूब के घर वापसी का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि याकूब कुरैशी, बेटे इमरान और फिरोज सहित पत्नी शमजिदा पर गैंगस्टर लगा है। याकूब कुरैशी को गैंगस्टर एक्ट, अदालतक की आदेश की अवमानना और धोखाधड़ी के मुकदमे में जमानत मिलने के बाद गुरुवार को याकूब की रिहाई कर दी गई। याकूब की रिहाई के वक्त परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत टड़वा कला मे बना अमृत सरोवर चढ़ा भ्रष्टाचार की भेट ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### पाली विकासखंड के लगभग अनेकों ग्राम पंचायत में अधूरा दिखा अमृत सरोवर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा टड़वा कला में लाखों की लागत से बना था अमृत सरोवर लेकिन चढ़ गया भ्ष्टार्चार की भेट ग्रामीणों ने पोखरे पर भारी संख्या में एकत्रित होकर ग्राम सभा में हो रहे भ्ष्टार्चार के खिलाफ प्रदर्शन किया और ग्राम प्रधान पर सरकारी धन का दुरुपयोग व भ्ष्टार्चार करने का आरोप लगाया ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा में जितने भी कार्य हुए हैं उन सभी कार्यो मे घोर भ्ष्टार्चार किया गया है इस भ्ष्टार्चार मे ग्राम प्रधान और सचिव मील कर पूरी तरह से भ्ष्टार्चार कर रहे हैं ।वही पाली ब्लाक के लगभग दर्जन गांव में करोड़ों से ऊपर रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई वही अमृत सरोवर का कार्य पिछले वर्ष सन 2022 में ग्रामीण इलाकों में पानी की बढ़ती समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा इस योजना को लागू किया गया। हम आपको बता दे जहां एक तरफ सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हर समस्याओं के समाधान के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार में विलुप्त ग्राम प्रधान व सचिव के कारनामों से अधिकारी भी अनजान हैं। हर ग्राम पंचायत में लगभग सभी गांव में बरसों पहले से जो पुराने तालाब और पोखरे थे। उसी पोखरे पर सीढी,चौकी सहित, कार्य के नाम पर खाना पूर्ति किया गया कुछ वही गांव की ग्रामीणों ने बताया हम लोगों के गांव में जो पुराने पोखरे थे। इस पोखरो पर खाली नाम मात्र काम किया गया है। बीते ढाई साल और बचे हैं प्रधानी कार्यकाल को अगर इसी तरह से पोखरे का अधूरा निर्माण कार्य पूरी करने की तैयारी होगी तो पूरा होते-होते प्रधानी कार्यकाल ही समाप्त हो जाएगा। और फिर से वही नया ड्रामा शुरू हो जाएगा। अब देखना यह है कि अमृत सरोवर के अधूरे कार्य बीते ढ़ाई सालों में पूरा होता है। या फिर एक प्रश्नवाचक चिन्ह के तरह ही रह जाएगा। अमृत सरोवर को लेकर जिम्मेदार पूरी तरह से चुपी साधे हुए दिखाई दे रहे हैं ।वही जब ग्राम पंचायत के सचिवों से जब उनके आवंटित गांव के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहा गया तो ये सभी लोग कुछ भी कहने से कतराते दिखाई दिये ।वही जब टड़वा कला के सचिव धर्मेन्द्र कुमार सिंह से बात किया गया तो उनका कहना था कि अमृत सरोवर का प्रस्ताव लागत लगभग उन्नीस लाख रुपये का हुआ था जिसमे लगभग एक लाख रुपये बकाया है बाकी सभी भुगतान हो चुके हैं वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीश चंद्र यादव का कहना था कि अमृत सरोवर पर कुछ कार्य मजदूरों से हुआ है और कुछ कार्य जेसीवी मशीन से किया गया है और भुगतान सिर्फ लगभग नौ लाख रुपये ही हुआ है बाकी का भुगतान नहीं हुआ है आखिर यह सोचने बाली बात है कि ग्राम प्रधान का कहना कुछ और हैं वही सचिव का कहना कुछ और हैं वही ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान व सचिव मिलकर ग्राम सभा में पूरी तरह से भ्ष्टार्चार कर रहे हैं जिसका सूचना निकाला गया है और उच्च अधिकारियों के संज्ञान में दिया गया है लेकिन इन भृष्टाचारियो पर कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है ।वही प्रदर्शन करने बालो मे गांव के जय चन्द ,बालमुकुंद ,वीरेंद्र प्रताप, रामकेश चंद्र गुप्ता निषाद श्री भागवत निषाद ,बृजभूषण यादव, विजय कुमार ,नागेश्वर नाथ ,छोटू यादव व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# लाठी डंडों से पीट पीट कर युवक की हत्या

### घटना स्थल का एसएसपी अरूण कुमार सिंह ने किया दौरा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के दूदापार निवासी 22 वर्षीय उमेश पुत्र नरायन की 3 सितंबर, शनिवार की देर शाम लाठियों से पीटकर हत्या कर दी गयी। गगहा पुलिस मृतक के मां बरसाती देवी की तहरीर पर सोनईचा गांव के जगजीवन पुत्र निर्मल तथा निर्मल पुत्र अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक उमेश तथा मुख्तार का 13 वर्षीय पुत्र भगेलू सोनईचा गांव के राजकपूर पांडेय के खेत में बंटाई पर मक्के की खेती किये थे। घटना के समय उमेश तथा भगेलू मक्के की रखवाली करने गये थे। रात को उमेश राजकपूर पांडेय के घर भोजन करने गया था। जबकि भगेलू खेत में बने मचान पर बैठ कर फसल की रखवाली कर रहा था। भोजन के बाद उमेश खेत में पहुंच कर जानवरों को भगाने के लिए टिन का डिब्बा बजाने लगा। इसी दौरान जगजीवन व निर्मल खेत में पहुंचे और उमेश से वाद विवाद करने लगे। विवाद के दौरान दोनों आरोपी उमेश को लाठियों से पीटना शुरू कर दिये,मार पीट की घटना को देखकर भगेलू मौके से भाग कर राजकपूर पांडेय को मारपीट की सूचना दी। पीड़ितो ने 112 नंबर पर फोन कर अपना घर कुछ लोगों द्वारा घेरे जाने की सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उमेश खेत के बगल से गुजर रहे रास्ते पर पड़ा था। पुलिस उमेश को लेकर गगहा स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो चिकित्सकों ने बताया कि युवक की मृत्यु हो चुकी है। युवक की हत्या की सूचना पाकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। जिससे रविवार को तीन दर्जन से अधिक ग्रामीण गगहा थाने पहुंच कर घटना में शामिल अन्य आरोपियों का नाम मुकदमे में दर्ज कराने तथा आरोपियों को अविलंब गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया। घटना की सूचना मिलने पर एस एसपी अरूण सिंह ने घटना स्थल का निरिक्षण किया। मृतक सात भाई बहनों में चौथे नंबर पर था। तीन भाई व एक बहन की शादी हो चुकी है। घर पर मृतक की मां बरसाती देवी मृतक के आलावा अविवाहित पुत्र व पुत्री के साथ रहती है। मृतक उमेश के पिता नरायन की मृत्यु एक वर्ष पूर्व हो चुकी है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह का कहना है कि हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मृतक उमेश के पिता का लगभग एक साल पहले ही स्वर्गवास हो चुका है अभी दो लड़कियों की शादी करनी बाकी है मृतक पहले पंजाब रहता था पिता के स्वर्गवास होने के बाद घर पर रहकर अपनी जीविका चलाता था।

# आग की चपेट में आने से कपड़े की दुकान स्वाहा, दुकान संचालक को मुख्यमंत्री ने पांच लाख की दी सहायता



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। तहसील सदर जनपद गोरखपुर के अन्तर्गत रायगंज दक्षिणी मुहल्ला-पाण्डेयहाता में दिनांक 29.08.2023 को अपरान्ह लगभग 2 बजे विद्युत शार्ट सर्किट से वैष्णवी साड़ी सेंटर, प्रो. श्रीमती अनुपमा गुप्ता पत्नी अरविन्द गुप्ता नि. रायगंज दक्षिणी मुहल्ला-पाण्डेय हाता गोरखपुर के प्रतिष्ठान में आग लगने से दुकान में रखी साड़ी आदि जलकर राख हो गयी, मुख्यमंत्री जी प्रतिष्ठान के स्वामी को दुख की घड़ी में सहायता देने के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक मदद के रूप में मु0 5,00,000/- रू. पॉच लाख रुपए का चेक मा सांसद रविकिशन,मा. विधायक ग्रामीण विपिन व महापौर डॉ.मंगलेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में आर्थिक मदद के रूप में प्रदान की गयी।

# उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी का मनाया गया जयंती समारोह

### इस अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संविधान सभा के सदस्य, पूर्व रेल मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी का जयंती जिला कांग्रेस कमेटी गोरखपुर तत्वाधान में रविवार को मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोरखपुर के ठीक सामने कांग्रेस कमेटी के जनसंपर्क कार्यालय पर 12 बजे से मनाया गया । जिसमें महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि स्व. कमलापति त्रिपाठी स्वाधीनता संग्राम के दौरान कई बार जेल गए ।वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ साथ उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर उनके द्वारा उत्तर प्रदेश में किए गए विकास कार्य को कोई भूला नहीं सकता है ।इस अवसर पर पूर्वी जोन की महिला प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी ,महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी,किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ मिश्रा वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश राम त्रिपाठी, प्रेमलता चतुवेदी ,राम लगन दुबे ,ज्ञान पांडे धर्मराज चौहान हरी सेवक त्रिपाठी ,गोपाल गांधी ,कात्यानी मिश्रा, विक्रम दित्य ,सच्चिदानंद त्रिपाठी सुखराम यादव रामभु पासवान, आकाश मिश्रा रामसमुझ सवारा, बद्री विशाल शुक्ला विजय राय ,डॉक्टर अनिल तिवारी, कलंज्य राम त्रिपाठी , प्रदीप नाथ शुक्ला संध्या पांडे , देवेंद्र धनुष , राज किशोर, मनीष शुक्ला ,निजामुद्दीन, अभिनंदन द्विवेदी, दिनेश मौर्य,,हरिराम निषाद,गया प्रसाद, राजीव कुमार पांडे, अमरेंद्र कुमार पासवान, बद्रीनाथ शुक्ला, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# गीडा सेक्टर पांच मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली के गीडा थाना क्षेत्र में स्थित गीडा सेक्टर 5 मे पीजीएसएम डे हेल्थ केयर सेंटर के तत्वाधान में रविवार को सुबह 11 बजे से निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें कई बीमारियों के मरीजों के परीक्षण के साथ ही निशुल्क दवा भी वितरण किया गया ।कैंप में अपोलो हॉस्पिटल हैदराबाद के डॉक्टर आकाश यादव ने बताया कि दूषित खान पान और भोग बिलासिता का जीवन शैली अपनाकर लोग बीमारियों को दावत दे रहे है। ऐसे भोग बिलासिता जीवन शैली को छोड़ना पड़ेगा ।आगे कहा की मौसम परिवर्तन के समय बड़ी सतर्कता की जरूरत होती है ।कैंप में कुल 290 मरीजों का परीक्षण करते हुए दवा भी वितरण किया गया। कैंप में बीपी, शुगर, अस्थमा, गठिया, साटिका सहित दर्जनों बीमारियों के मरीज देखा गया। और उनको दवा का वितरण किया गया। इस दौरान डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि पी जी एस एम क्लीनिक के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के इलाज से लिए समय समय पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है ।इस कैंप के माध्यम से आज स्थानीय लोगों को लाभ दिया गया हैइस दौरान डॉक्टर मनोज कुमार, संजीव कुमार, राजीव, आकाश राय, शैलेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत संपन्न हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के भाजपा द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान की तैयारी की एक बैठक रविवार को पिपरौली मंडल के श्यामा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खानिमपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के राम उजागिर शुक्ला ने कहाकी भाजपा पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोने के लिए कटिबद्ध है। बैठक में विशिष्ट अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहां की मेरी माटी मेरा देश अभियान मे हमें प्रत्येक ग्राम सभा के प्रत्येक घरों से एक चुटकी मिट्टी लेना है अगर फर्श है तो उसे घर से चुटकी भर चावल लेना है। और प्रत्येक गांव के एक स्थान पर अमृत वाटिका के लिए 75 पौधा को लगाना है। ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव ने कहा कि हर ग्राम सभा के विद्यालयों पर बलिदानियों के नाम एवं प्रधानमंत्री जी का संदेश लगवाना सुनिश्चित करना है। हर ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों को पंच प्रण की शपथ दिलाना है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 8 सितंबर से 13 सितंबर तक ग्राम सभा एवं वार्ड के सभी कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, रामऊजागिर शुक्ला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्या, नन्हें सिंह,जिला पंचायत सदस्य रामबुझारत पासी,जनार्दन श्रीवास्तव, ऋषिकेश जायसवाल,अविनाश सिंह,उपेंद्र कुमार गौड़ प्रधान प्रतिनिधि जैतपुर, मनोज सिंह सचिव कालेसर, धर्मराज गौड़ मंडल अध्यक्ष, सुबोध सिंह,मान सिंह प्रधान साथीपार,रविप्रताप सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, इंद्रेश मिश्रा, संग्राम सिंह, अभिषेक सिंह,महेंद्र सिंह वीरू,अर्जुन गुप्ता, अर्जुन प्रजापति सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली खंभा टूटने से बंद पड़ा सरकारी ट्यूबल, किसान परेशान

## पिपरौली ब्लॉक के नगवा में महीनों से बंद पड़ा सरकारी ट्यूबल

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत नगवा में स्थित सरकारी नलकूप महीनों से बंद पड़ा है। इन दिनों बढ़ती गर्मी में किसानों की सिंचाई पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। किसानों ने कई बार जिम्मेदारों से शिकायत किया गया लेकिन समस्या निदान करने के बजाय वह अपने में ही मस्त है। जिसका खामियाजा खेती कर लोगों को भुगतना पड़ रहा हैं। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में धान की खेती के लिए पानी की आवश्यकता सबसे ज्यादा है। नगवा गांव के सरकारी नलकूप के लिए 11000 केवी का लाइन फोरलेन के किनारे से होते हुए आया है। विगत एक महीना पहले बिजली के दो खंभे टूटकर गिरे है, जिससे नलकूप की बिजली सप्लाई पूरी तरह से बाधित है। आलम यह है की क्षेत्रीय किसानों का धान की खेती सूखने के कगार पर आ गई है। लोगों द्वारा इसकी शिकायत नलकूप विभाग से किया गया तो जिम्मेदार बिजली विभाग का हवाला देते हुए अपनी जिम्मेदारियों से पलड़ा झाड़ लिए। थक हारकर किसान पंपसेट मशीन का सहारा लेकर अपने खेतों की सिंचाई करने पर मजबूर है।

किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा सिंचाई का लाभ मिलने से खेतों में लग रही लागत कम हो गई थी लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण प्राइवेट सिंचाई करना इस महंगाई में भारी पड़ रहा हैं। क्षेत्रीय किसान राजन श्रीवास्तव, ब्रह्मदेव लाल, परमेश्वर सिंह, विनोद कुमार, सुभाष, सोमनाथ आदि ने नलकूप विभाग से ट्यूबल को तत्काल संचालित कराने का मांग किया हैं। इस संदर्भ में अधिशासी अभियंता नलकूप विनोद थापा ने कहा कि बिजली विभाग को तार टूटने की शिकायत की गई है। बिजली ठीक करना विद्युत विभाग का कार्य है। नलकूप विभाग इसमें कुछ नही कर सकता हैं।

**आत्मदाह** — मरने दो मुझे, पेट्रोल डालकर एसएसपी दफ्तर पर किया आत्मदाह का प्रयास

# मेरठ में पुलिसकर्मियों से बोले रिटायर्ड फौजी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में खरखोदा थाना क्षेत्र के ग्राम कैली निवासी रिटायर्ड फौजी ने बहू और उसके परिवार वालों पर कार्रवाई न होने के चलते एसएसपी दफ्तर पहुंचकर अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मामले की जानकारी मिलने पर एसएसपी दफ्तर में हड़कंप मच गया। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने फौजी पर पानी डालकर उसे बचाया और हिरासत में ले लिया। इस दौरान फौजी पुलिस कर्मियों से चीख चीख कर कहने लगा कि मरने दो मुझे। खरखौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कैली निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र जहान सिंह का कहना है कि वह भूतपूर्व सैनिक है। उसने भारतीय सेना में नौकरी करके देश की सेवा की है। भारत सरकार द्वारा उन्हें चार मेडलों से भी सम्मानित किया गया है। वीरेंद्र ने बताया कि उनके बेटे नीतीश मलिक की शादी करीब 6 माह पूर्व वैशाली पुत्री अनिल निवासी ग्राम कुरकुरा थाना इंचोली के साथ संपन्न हुई थी। पीड़ित ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही वैशाली ने परिवार के सदस्यों के साथ क्रूरता शुरू कर दी। पीड़ित रिटायर्ड फौजी का आरोप है कि वैशाली अपने पति नितीश के साथ आए दिन गाली गलौज और मारपीट करने लगी। परिवार से अलग रहने की जिद पर वैशाली ने नितीश को जहर देकर मारने का प्रयास भी किया। उसके बाद वैशाली ने अपने पति नितीश व परिवार के लोगों के खिलाफ दहेज एक्ट की धाराओं में खरखोदा थाने पर मुकदमा कायम कर दिया। पीड़ित फौजी का आरोप है कि 30 जुलाई को करीब 12 बजे दोपहर वैशाली अपने साथ गौरव, अमित, विपिन, सुनीता, तेजेंद्र, आशु, निशा आदि को लेकर उसके घर पर पहुंची। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को ईंटों से तोड़ते हुए जबरन घर में घुस गई। इस दौरान आरोपियों ने परिवार वालों के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पत्नी सरिता देवी, पुत्र नितीश और बेटी रितिका के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान आरोपी उसकी दुकान में भी घुस गए और तोड़फोड़ करते हुए दुकान में रखी नगदी लूट ली। इस दौरान पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को फोन किया लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पीड़ित का आरोप है कि वह बार-बार खरखौदा पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहा है लेकिन पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। पीड़ित रिटायर्ड फौजी ने कहा कि वह एसएसपी दफ्तर इच्छा मृत्यु की प्रार्थना देने पहुंचा था। इसी दौरान उसने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया जिसके बाद एसएसपी दफ्तर में हड़कंप मच गया। किसी तरह फौजी पर पुलिस कर्मियों ने पानी डालकर उसे बचाया और हिरासत में ले लिया। एसएसपी ने बताया कि थाना खरखोदा के अंतर्गत एक व्यक्ति के ऊपर उसकी बहू द्वारा जनपद अलीगढ़ में एक दहेज सम्बन्धित मुकदमा लिखवाया गया है। बेटे के द्वारा बिना तलाक लिए एक दूसरी महिला जो इंचौली की रहने वाली है के साथ शादी कर ली गई है। 5-6 महीने रहने के बाद दूसरी पत्नी के द्वारा भी एक दहेज संबंधी मुकदमा खरखोदा थाने में बेटे और ससुर के ऊपर लिखवाया गया है।

# मोदी की दूरदर्शी सोच से महाशक्ति बन रहा देशः युधिष्ठिर सिंह

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के कार्यालय पर मेरी माटी मेरा देश अभियान तहत बैठक हुई बैठक में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच ने जहाँ देश को महाशक्ति बनने की ओर आगे बढ़ाया है वहीं भूली-विसरी भारतीय संस्कृति की अमिट पहचान, अपनी प्राचीन सभ्यता व विरासत को सजीव किया। उन्होंने कहा कि हमे अपने इतिहास, विरासत को याद करने व उसे संजोये रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान में 08 से 13 सितम्बर तक हमें प्रत्येक गाँव के प्रत्येक घरों से एक कलश में हर घर के आंगन से मिट्टी लेना है, अगर घर में फर्श है तो घर से एक चुटकी चावल लेना है। प्रत्येक गाँव में किसी एक स्थान पर अमृत वाटिका के अन्तर्गत 75 पौधों को लगाना है। हर ग्रामसभा में विद्यालयों पर बलिदानियों के नाम एवं प्रधानमन्त्री का संदेश की शिलापट्ट लगवाना सुनिश्चित करना है। हर ग्राम पंचायत व नगर पंचायत में कार्यकताओं एवं ग्रामीणों से पंच प्रण की शपथ दिलाना है विकसित भारत के निर्माण का विराट लक्ष्य हो ,गुलामी की हर सोच से मुक्ति हो, भारत की विरासत पर गर्व की भावना हो, देश की एकता और एकजुटता को निरन्तर सशक्त करना हो, अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखना हो मुख्य अतिथि जिला महामंत्री डा आरडी सिंह ने कहा कि देश को नरेन्द्र मोदी के रूप में प्रधानमन्त्री और प्रदेश को योगी आदित्यनाथ के रूप में मुख्यमन्त्री मिलना परम्सौभाग्य की बात है। देश को महाशक्ति बनने से कोई रोक नही सकता। देश वीर बलिदानियों की वीर गाथाओं को सदैव स्मरण करता रहेगा, बलिदानियों के नामका शिलापट्ट व प्रधानमन्त्री का लिखा संदेश स्मरण का कारक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि देशवासी आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में पुनः नरेन्द्र मोदी को प्रधानमन्त्री के रूप में पहले से ही स्वीकार कर चुके हैं। एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिवचरण प्रसाद व संचालन विजय मिश्रा उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख शशी प्रताप सिंह, रंगनाथ पांडे, अशोक मिश्रा, विजय मिश्रा, मोहन प्रसाद कसौधन, रामजनक मौर्य, अनीता मौर्या, राजेश त्रिपाठी, दयाशंकर सिंह, ध्रुव गौड़, हरिकेश गुप्ता समेत समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पानी बहाने पर हुआ विवाद , चार घायल

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। थाना कल्याणपुर के ग्राम कोरसम निवासी रज्जन पुत्र रामस्वरूप ने अपने ही परिजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका सगा भाई रामबाबू दरवाजे से रास्ते में पानी बहा रहा था, मना करने पर गाली गलौज किया। वादी अपनी पत्नी , पुत्री व बहन के साथ घर से निकला तो रामबाबू पुत्र रामस्वरूप , अभिषेक व अनुराग पुत्रगण रज्जन ने मारपीट की जिससे वादी सहित पत्नी मनीष देवी , पुत्री मीनू व बहन जयदेवी के हाथ व सिर में चोटें आई हैं।

### न्याय के लिए दर-दर भटक रही दिव्यांग महिला

**अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद नही हो रही सुनवाई**

**अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव**

गरौठा, झांसी। शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कस्बा गुरसराय मोहल्ला पायगा की रहने वाली पीड़ित दिव्यांग महिला मोतीबाई पत्नी जयप्रकाश ने तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की मोहल्ला पायगा मस्जिद के पास मेरा मकान है जो मेरे नाम है उसमें मेरा भाई हीरालाल पुत्र स्वर्गीय हरीराम जबरन मेरे मकान में रह रहा है और हीरालाल की पत्नी मेरे साथ मारपीट करती है इसके साथ ही मेरा सामान घर से फेंक दिया और कहती है जहां जाना हो चली जाओ मैं तुम्हें घर में नहीं रहने दूंगी। पीड़िता ने बताया मकान टैक्स में दे रही हूं और मकान मेरे नाम है। महिला ने बताया के तहसील मुख्यालय से लेकर झांसी मुख्यालय एवं लखनऊ तक उसने बड़े-बड़े अधिकारियों को इस मामले में अवगत कराया लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

पीड़ित ने बताया कि वह एक टांग से पूर्ण रूप से विकलांग है उसे आने-जाने में बड़ी परेशानी होती है फिर भी कहीं पर उसकी सुनवाई नहीं हो रही है जिससे वह काफी परेशान है।

# तहसील समाधान दिवस पर आठ शिकायतों का हुआ निस्तारण

**20 भूस्वामियों को जिलाधिकारी ने घरौनी का किया वितरण**

**अमन लेखनी समाचार**



खागा, फतेहपुर। खागा तहसील अन्तर्गत समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रुति ने तहसील परिसर में जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने के पश्चात गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस में प्राप्त 142 प्रार्थना पत्रों में से 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने समाधान दिवस के दौरान आई0जी0आर0एस0, तहसील दिवस तथा अन्य किसी माध्यम प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतें किसी भी दशा में डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आनी चाहिए अन्यथा की दशा में विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं के निस्तारण में कोताही न बरतने के लिये अधिकारियों को आगाह किया और कहा कि लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने शासन की अपेक्षा के अनुसार जिले में जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये संवेदनशील रवैया अपनाकर पीड़ित कार्यक्रम लोगों को राहत पहुंचाने के लिये अधिकारियों से स्पष्ट अपेक्षा की। जिलाधिकारी ने प्राप्त सभी प्रार्थनापत्रों को अधिकारियों को संदर्भित कर गुणवत्ता सहित ससमय निस्तारण के निर्देश दिये।

स्वामित्व योजना के तहत तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील खागा अंतर्गत राजस्व ग्राम की घरौनी का वितरण किया। जिसमें बासदेवपुर, बबुल्लापुर, इरादतपुर केशो, परमानन्दपुर फाजिलपुर, जगन्नाथीपुर, मांझखोर, चक लाडी पुर, चक इजुरा बुजुर्ग, खरग सेनपुर, बुधेड़ामु, चाँदपुर औरेढा, गढ़वा, अलदादपुर, चकभुनगापुर, चकमुइनुद्दीनपुर, यदुनन्दनपुर, चकमुबारकपुर गौती, चकइस्माइलपुर ग्रामों की कुल 1278 भूखंडों की घरौनी का वितरण आज करवाया गया, जिसमें 1 लगायत 4 ग्रामों के 20 भूस्वामियों को जिलाधिकारी द्वारा घरौनी का वितरण किया गया।

### अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। माह के प्रथम शनिवार को तहसील सभागार गरौठा में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन राम सुरेश वर्मा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता,एवं स्वेता साहू उपजिलाधिकारी गरौठा, अरुण चौरसिया पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा, वंदना कुशवाहा तहसीलदार गरौठा की उपस्थिति में किया गया।तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में अन्य दिनों की अपेक्षा कम फरियादी पहुंचे।समाधान दिवस में कुल 25 शिकायती पत्र आए जिनमें से किसी भी प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण नही हो सका।तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग, जल विभाग, नगर पंचायत, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ससुराल आए युवक की करंट से हुई मौत


**मृतक रक्षाबंधन पर्व में पत्नी के साथ आया था ससुराल**

**अमन लेखनी समाचार**




हथगांव, फतेहपुर। जनपद के हथगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कनकपुर में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार जनपद के औंग थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खदरा निवासी 32 वर्षीय अमित कुमार पुत्र बालकिशन रक्षाबंधन पर्व में अपनी पत्नी तथा बच्ची को लेकर ससुराल आया था मायके पहुंच कर बहन ने कनकपुर गांव निवासी अपने भाई कुलदीप को राखी बांधी वही विगत रात्रि शनिवार प्रातः रविवार को घर के दरवाजे में करंट उतर आया जिस पर ससुर के घर दामाद अमित बिजली के करंट के आगोश में आ गया यह देख घर के परिजनों ने शोर मचाया तथा आनन फानन सदर अस्पताल फतेहपुर ले गए परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही अमित की सांसे थम गई सूचना पाकर पहुंचे थाना अध्यक्ष हथगाम शैलेश सिंह समेत पुलिस बल ने पंचनामा करते हुए मृतक के शव को शवविच्छेदन गृह फतेहपुर के लिए रवाना किया वहीं पुलिस प्रशासन ने मृतक के स्थानीय थाना औग को सूचना देते हुए परिजनों को सूचित कराया औंग थाना अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने तत्काल दर्दनाक सूचना को मृतक के परिजनों को दिया जहां सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार मृतक अमित कुमार के 2 वर्षीय पुत्री सभ्या है जो अपने माता-पिता के साथ ही ननिहाल गई थी

# चांद पर जमीन खरीदने की चर्चा जनपद में जोरों पर




**अमौली विकासखंड के युवा ने चांद पर खरीदी दस एकड़ जमीन**

**अमन लेखनी समाचार**

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे के निवासी शिवम उमराव पुत्र सुरेश उमराव ने चांद पर जमीन ऑनलाइन खरीद कर केवल अमौली कस्बे ही नहीं अपितु समूचे जनपद का गौरव भारतवर्ष में स्थापित किया मिली जानकारी के अनुसार युवा शिवम उमराव ने अपनी माता चंद्रमुखी तथा पिता सुरेश उमराव की प्रेरणा से अपने वैवाहिक जीवन के पूर्व ही इस सपने को साकार कर डाला जिसके लिए देश की लूना सोसाइटी वेबसाइट पर ऑनलाइन करते हुए 10 एकड़ जमीन की खरीद फरोख्त की मिली जानकारी के अनुसार इससे पहले भी भारतवर्ष के फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत एवं शाहरुख खान आदि की जमीन चंद्रमा पर विराजमान है शिवम उमराव ने बताया कि यह जमीन लगभग 2 महीने पहले लूना सोसाइटी में रजिस्ट्री कराई गई थी जिनकी रजिस्ट्री शिवम उमराव की होने वाली धर्मपत्नी के नाम सृष्टि उत्तम के नाम कराई गई चांद पर पहुंचने वाले फिलहाल में बहुत कम लोग हैं जिनमें शिवम उमराव का नाम सुर्खियों पर देखा जा रहा है कस्बे समेत सैकड़ो क्षेत्र वासियों ने चांद पर आशियाना बनाने वाले शिवम उमराव को हार्दिक बधाई दी

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को बढ़ावा दे रहे क्षेत्रीय विधायक

**मंडल कार्यालय में बैठक कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

**अमन लेखनी समाचार**




अमौली, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने मेरी माटी मेरा देश मिशन के तहत विधानसभा के अमौली विकासखंड अंतर्गत कस्बे में स्थापित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय प्रांगण में कार्यकर्ता बैठक संपन्न की कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक ने सर्वप्रथम देश के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पदाधिकारी रज्जन लाल त्रिवेदी एवं कुशल संचालन मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता द्वारा किया गया कार्यक्रम में मौजूद सभी पदाधिकारियों के समक्ष देश के विकास की ओर बढ़ते कदम तथा देश के गौरवशाली प्रगति कार्यों का विस्तृत वर्णन किया गया भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कार्यकताओं से गहन वार्ता की गई वहीं क्षेत्रीय विधायक ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलश की स्थापना कर गांव की मिट्टी एकत्र करते हुए गौरवशाली कार्यक्रम बनाने का सार्थक प्रयास किया जिसके लिए सभी कार्यकताओं को प्रेरणा दी गई कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के पदाधिकारियों के साथ दर्जनों क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे जिन्होंने क्षेत्र में बिजली तथा पानी की समस्याओं से क्षेत्रीय विधायक को रूबरू कराया ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए क्षेत्रीय विधायक ने तत्काल विभागीय अधिकारियों से फोन पर संपर्क करते हुए समस्या के निस्तारण के लिए निर्देशित किया इस मौके पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ वर्मा सुरेंद्रनाथ उमराव वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व जिला मंत्री डॉ राम भक्त वर्मा अशरफ खान पिंटू चक ओम प्रकाश विश्वकर्मा देवेंद्र अवस्थी रवि दुबे मोहित सोनी यूनुस खान समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे वहीं बैठक के पश्चात क्षेत्रीय विधायक ने अमौली कस्बे के कई स्थानों पर भ्रमण करते हुए पीड़ितों को यथासंभव मदद का आश्वासन दिया कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने आए हुए सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया

# गांव वालो जागते रहो क्यों की बिजली विभाग सो रहा है




**अमन लेखनी समाचार**

बकेवर, फतेहपुर। बकेवर उपकेंद्र 33/11 के अंतर्गत आने वाले फीडरों में खजुहा,पधारा, जहानाबाद व कस्बे की विद्युत वितरण प्रणाली पूरी तरह से ध्वस्त पड़ी है, उपकेंद्र के अंतर्गत आये दिन कोई न कोई फाल्ट होता ही रहता है।शनिवार की रात से पधारा फीडर के अंतर्गत कस्बे सहित दर्जनों गांवों की आपूर्ति बाधित हो गयी थी, रात में कुछ देर तो आपूर्ति ठीक रही लेकिन भोर पहर से फिर वही हाल है। कस्बे के कई इलाकों में तो 15 से 18 घंटे से बिजली गायब है, घरो की पानी की टंकियां खाली हो गयी है, विभाग के प्रति लोगों में रोष व्याप्त है।आये दिन होने वाले फाल्टों से घरेलू उपकरण ठूठ बन कर रह गए है। वर्तमान समय में धान की फसल को सिचाई की आवश्यकता है, बिजली आपूर्ति बाधित होने से किसान बेहाल व परेशान हैं। रात में कभी-कभी लो बोल्टेज आता है जो आमजनमानस की नींद हराम कर देता है। विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो गया है, प्रतिमाह हजारों का बिल देने के बावजूद लोगों को ना ही सुचारू रूप से बिजली मिल पाती है नही ही फाल्टों की जानकारी मिलती है। उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग के प्रति रोष है। खबर लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नही हो सकी है।इस विषय मे जब बकेवर उपकेन्द्र में सम्पर्क किया गया तो जेई रामनयन यादव उपकेन्द्र में नही आये थे और उनका फोन भी नही लगा। टीजीटू बबलू यादव ने बताया तार टूटने से फाल्ट आयी थी, लाइनमैन को भेजा गया है जल्द आपूर्ति बहाल होंगी।

# रक्सा में आयोजित हुआ कुश्ती का भव्य व विशाल महादंगल

## डॉ. संदीप सरावगी ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया दंगल का शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव**



झांसी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भुजरिया मेला कजलिया रक्सा बड़ी गड़ी पर कुश्ती महादंगल का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर संदीप सरावगी ने फीता काटकर दंगल का शुभारम्भ किया। आयोजक मंडल द्वारा झांसी के वरिष्ठ समाजसेवी संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष डॉक्टर संदीप सरावगी का पुष्प माला पहनाकर एवं बेच लगाकर स्वागत किया गया।इसके बाद मुख्य अतिथि ने विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों से परिचय प्राप्त करते हुए पहलवानों से एक दूसरे का हाथ मिलवाकर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों से आए पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर ताल ठोंकी और प्रतिद्वंदी को पछाड़ने के लिए जोर आजमाइश करते हुए जमकर पसीना बहाया। इस दौरान डगरवाहा से आए नीतेश व नीलेश पलीना से गजेंद्र मथुरा खटका से हरिओम सहित डेली, हसारी, एवं अन्य क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंदी को धूल चटाने के लिए के दमखम दिखाते हुए निकाल दांव, कलाजंग दांव, जांघिया दांव, टंगी दांव, सांडितोड़,धोबी पछाड़ और बगलडूब आदि दांव-पेंच खूब आजमाए। कुश्ती को देखने आए दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।कुश्ती के इस महा दंगल में डॉक्ट संदीप ने पहलवानों को पुरस्कार राशि व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लगातार तीन विश्व ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने वाले मेजर दद्दा ध्यानचंद झांसी के ही थे।तो वहीं विश्व ओलंपिक एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कुश्ती, बॉक्सिंग, निशानेबाजी, जैसे अन्य खेलों में भारत के खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं, ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों के प्रतिभा का पता चलता है, संघर्ष सेवा समिति सदैव ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहन हेतु उन्हें संसाधन उपलब्ध कराती रही है।कुश्ती के इस महादंगल में पधारे हुए विशिष्ट अतिथियों में बालजीत पहलवान (बुंदेलखंड केसरी), राजेंद्र राजपूत (प्रधान रक्सा), अरविंद राजपूत (मंडल अध्यक्ष, रक्सा), मनीष गुप्ता (अंबाबाई पंप), आशीष योगी (महामंत्री व्यापार मंडल, रक्सा) रहे। कुश्ती के इस महादंगल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रक्सा थाना अध्यक्ष एवं पुलिस कर्मियों का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से जिलाध्यक्ष अजय राय, सुशांत गेंडा, संदीप नामदेव, हरिमोहन नामदेव, सतीश राय (रक्सा), शैलेंद्र राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन शशिकांत राजपूत हरगोविंद राजपूत द्वारा एवं कुश्ती का सफल संचालन सीताराम नन्ना (पूर्व प्रधान, डेली) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाला राजा, संजय राजा, सौरभ राजा, रवि राजा सहित समस्त गड़ी परिवार रक्सा द्वारा किया गया।

# कैंसर बीमारी से तंग आकर किसान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**अमन लेखनी समाचार**




बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरसम के मजरे मवइया निवासी 75 वर्षीय रामआसरे अवस्थी पुत्र महादेव अवस्थी ने अपनी ही लाइसेंसी बन्दूक से रविवार की सुबह 7:30 बजे गोली मारकर आत्महत्या कर ली। ज्ञात हो कि ब्योवृद्ध रामआसरे कैंसर जैसी भयानक बीमारी ब्रेन ट्यूमर से काफी दिनों से पीड़ित थे दर्द काफी असहनीय था जिसे वह बर्दास्त नही कर पा रहे थे।जिससे तंग आकर मृतक ने घर में रखी लाइसेंसी बंदूक द्वारा आत्महत्या को अंजाम दिया मृतक के तीन बेटे मुकेश कुमार, हरिकिशन और शिवकिशन बताए जा रहे हैं। शिवकिशन ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर घटना की जानकारी दी। जहा मृतक रामआसरे के पुत्र हरिकिशन अवस्थी को प्रगतिशील किसान के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया है इस घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस वहा पहुंच गई और पुलिस ने प्रारम्भिक जांच कर शव को पोर्टमार्टम हेतु भेजा। वहीं घटना की सूचना मिलते ही जनपद के वरिष्ठ लोगों का जमावड़ा लग गया जहां गांव पहुंचे सहकारी उपभोक्ता समिति के जिला अध्यक्ष चौडगरा निवासी प्रताप भानु एवं मृतक के सुपुत्र उन्नत किसान हरकिशन अवस्थी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कई बार सम्मानित हुए खेत किसान केंद्र पूरे राहत अली ( गौरीपुर -अमौली) के प्रबंधक भुवन भास्कर द्विवेदी आदि ने इस घटना को देखकर गहरा दुख व्यक्त किया पोस्टमार्टम हाउस में देर शाम तक कार्रवाई होने के कारण मृतक का अंतिम संस्कार वैदिक रीति रिवाज से आज संपन्न होगा

# हत्या के पांचवें दिन भी गुत्थी सुलझाने पर जुटा प्रशासन

**अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला**



फतेहपुर। जनपद के अशोथर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 कटरा प्रेममऊ निवासी देवेंद्र उर्फ धर्मेंद्र की हत्या के बाद प्रशासन अनवरत खोजबीन पर जुटा हुआ है मृतक का शव विगत 28 अगस्त को एक जामुन के पेड़ के पास बरामद हुआ मृतक के भाई हरिओम यादव ने प्रशासन को लिखित तहरीर देते हुए युवक कमलेश राजू तथा गोरे समेत अन्य चार व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत की जिस पर प्रशासन ने मुकदमा पंजीकृत किया घटना के खुलासे के लिए स्थानीय प्रशासन थाना असोथर समेत सर्विलांस तथा क्राइम ब्रांच की टीम लगाई गई जहां कल पांचवें दिन भी थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य के साथ फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष जुटाने का कार्य किया इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि मामले साक्ष जुटाए जा रहे हैं जिसमें घटनास्थल पर अधकटा अंगौछा काली पैंट धारीदार तथा मृतक की जेब से 5 रुपये का सिक्का बरामद हुआ था अभी तक हत्या का कोई कारण स्पष्ट नहीं हुआ इसी कारण प्रशासन निरंतर कार्य में जुटा हुआ है जब तक प्रशासन के पास ठोस प्रमाण नहीं होंगे यह जांच निरंतर जारी रहेगी

### सड़क दुर्घटना में महिला की हालत गम्भीर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के थाना कल्याणपुर के ग्राम अजमेरीपुर निवासी बीरेंद्र कुमार पुत्र स्व0 जगरूप ने लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विगत दिवस उसके चाचा का सुपुत्र जितेन्द्र कुमार पुत्र नंदकिशोर उसकी मां रामसखी को बाइक से लेकर थाना औंग के ग्राम थानपुर स्थित मामा के यहां राखी बंधवाने जा रहा था, तभी पालीखेड़ा मोड़ के पास पीछे से आ रही ऑल्टो कार यूपी 70 ए वी 7242 के अज्ञात चालक ने लापरवाही के साथ बाइक में टक्कर मारकर भाग गया। जिससे दोनों लोग घायल हो गए, रामसखी की हालत गंभीर देखते हुए पीएचसी गोपालगंज में भर्ती कराया गया जहां से उसे सदर अस्पताल फिर वहां से हैलट कानपुर के लिए रेफर किया गया।

# अन्ना मवेशियों को गौशाला भेजने का अभियान जारी

**अमन लेखनी समाचार**



औग, फतेहपुर। विकास खण्ड मलवां के क्षेत्र आशापुर झ अभयपुर आदि गांव के किसान अन्ना मवेशियों द्वारा फसलें चट करने से परेशान है। इन गांव के काश्तकारों की अधिकतर खेती एहतमाली तराई क्षेत्र में है। करीब 90 प्रतिशत फसलें बाढ़ से नष्ट हो चुकी है। बांगर क्षेत्र में बची फसलों को बचाने के लिए किसानों के द्वारा कैटल वाहन में अन्ना मवेशियों को लादकर निकटवर्ती गौशाला पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

### गौशाला तक ले जाने के लिए नहीं है वाहन

आसपास संचालित चार गौशालाओं में अन्ना मनवेशियों को ले जाने के लिए कैटिल गाड़ी नहीं है। ग्रामीणों ने कानपुर नगर के ब्लॉक सरसौल गौशाला से कैटिल गाड़ी मंगवाई है। अन्ना मवेशियों को पकड़ने के लिए सम्बन्धित कर्मचारी तथा स्थानीय ग्रामीण मिलकर इस अभियान को अंजाम दे रहे हैं। इन मवेशियों को कानपुर नगर की सरसौल गौशाला ले जाया जाएगा। शनिवार को अन्ना मवेशियों से फसलें बचाने के लिए किसान अभियान के तहत जुटे रहे। पूर्व ग्राम प्रधान राजेश सिंह चौहान के साथ गांव के लोगों ने भरपूर सहयोग किया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

